mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-219 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
8 अगस्त 2024 गुरुवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



ओलिम्पिक पदक के...

@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

● मेट्रो यात्रियों को इंडियन रेलवे की बड़ी सौगात

### जल्द ही भीड़भाड़ की झंझट हो जाएगी खत्म

नई दिल्ली (एजेंसी)। कोलकाता मेट्रो रेलवे ने यात्रियों को बड़ी सौगात दी है। उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर में विशेष सुविधाओं से युक्त डालियान कोच का परिचालन शुरू किया गया



है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। डालियान डिब्बे चौड़े दरवाजे, बैठने की अधिक क्षमता और बेहतर वातानुकूलन जैसी सुविधाओं से युक्त हैं। कोलकाता मेट्रो रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि रैक (एमआर-513) को 5 अगस्त की दोपहर 12.06 बजे शहर के उत्तरी हिस्से में स्थित दमदम स्टेशन से रवाना किया गया।

### वफ बोर्ड की जमीन पर बनेगा इंटरनेशनल फुटबॉल स्टेडियम


मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र से खबर आ रही है कि छत्रपति संभाजीनगर में वक्फ बोर्ड के स्वामित्व वाले मैदान को अंतरराष्ट्रीय स्तर का फुटबॉल स्टेडियम बनाने की योजना है। मामले में जानकार एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि संभाजीनगर में आमखास मैदान



को अंतरराष्ट्रीय स्तर का फुटबॉल स्टेडियम बनाया जाएगा। यह मैदान वक्फ बोर्ड के स्वामित्व में आता है। इस पर फैसला संरक्षक मंत्री अब्दुल सत्तार की अध्यक्षता और खेल मंत्री संजय बनसोडे की मौजूदगी में लिया गया। जिला कलेक्टर फुटबॉल स्टेडियम के लिए प्रस्ताव तुरंत खेल विभाग को सौंपे।

### खान यूनिस का कसाई याह्या सिनवार हमास चीफ बना

बेरूत (एजेंसी)। इस्माइल हानियेह की मौत के बाद याह्या सिनवार को हमास का चीफ बनाया गया है। हमास ने मंगलवार को एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। इससे पहले याह्या सिनवार सिर्फ गाजा में हमास की



कमान संभाल रहा था। हानियेह जहां कतर से संगठन को ऑपरेट कर रहा था, वहीं, सिनवार गाजा में ही रहता है। 2017 में जब उसे गाजा का चीफ बनाया गया था, तब से वह कभी भी सामने नहीं आया है। सिनवार की हमास पर काफी मजबूत पकड़ है। 1 जुलाई को तेहरान में हानियेह के ठिकाने पर मिसाइल से हमला किया गया था। इसमें हानियेह और उसके एक बॉडीगार्ड की मौत हो गई थी। हानियेह की अगुआई में ही हमास ने पिछले साल 7 अक्टूबर को इजराइल पर 75 सालों का सबसे बड़ा हमला किया था। इसमें 1,200 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। जबकि सिनवार इसका मास्टरमाइंड था।

## पेरिस ओलंपिक से बुरी खबर

# बाहर हो गई रेसलर विनेश



● भारत की 'गोल्डेन' उमीदों को लगा तगड़ा झटका

पेरिस (एजेंसी)। 6 अगस्त की रात विनेश फोगाट के गोल्ड मेडल का सपना लिए हर भारतीय सोया होगा, लेकिन 7 अगस्त की सुबह यह सपना चकनाचूर हो गया। पेरिस ओलंपिक गेम्स में महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में भारत की स्टार विनेश फोगाट ने फाइनल तक का सफर एक दिन में तय कर लिया। विनेश ने 6 अगस्त को खेले गए अपने तीनों मैच जीते और फाइनल में पहुंचकर भारत के लिए कम-से-कम सिल्वर मेडल पक्का कर लिया था, लेकिन इसके अगले दिन उन्हें डिस्क्वॉलिफाई कर दिया गया।




● 100 ग्राम ज्यादा वजन से भारतीयों का सपना चकनाचूर

विनेश का वजन 100 से 150 ग्राम ज्यादा था, जिसके चलते उन्हें अयोग्य करार दिया गया और अब उन्हें कोई मेडल नहीं मिलेगा। दरअसल ओलंपिक में कुश्ती के नियम के मुताबिक दो दिन के अंदर मुकाबले होते हैं और दोनों दिन ही हिस्सा लेने वाले पहलवानों का वजन किया जाता है। भारतीय रेसलर विनेश फोगाट को तय कैटेगरी में ज्यादा वजन होने की वजह से पेरिस ओलिंपिक से बाहर होना पड़ा है। विनेश 50 केजी की कैटेगरी में खेलती हैं। उनका वजन करीब 100 ग्राम ज्यादा मिला।

### विनेश फोगाट को पीएम मोदी ने बंधाया ढांढस

● कहा-विनेश आप चैंपियंस की चैंपियन हैं, आप पर हर भारतीय को गर्व

नई दिल्ली (एजेंसी)। महिला पहलवान विनेश फोगाट को ओलंपिक में करारा झटका लगा है। वह सेमीफाइनल जीतकर फाइनल मैच में उतरने वाली थीं, लेकिन वजन तय नियमों से ज्यादा पाए जाने के चलत उन्हें अयोग्य करार दे दिया गया। ओलंपिक समिति के इस फैसले से विनेश फोगाट और भारत की उम्मीदों को बड़ा धक्का पहुंचा है।



इस बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने विनेश फोगाट के लिए एक्स पर एक पोस्ट लिखा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने लिखा, विनेश आप चैंपियंस की चैंपियन हैं। आप भारत के लिए गर्व हैं और हर भारतीय के लिए एक प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि आज का झटका दुख पहुंचाने वाला है। मैं समझ सकता हूं कि इससे कितना बड़ा सदमा पहुंचा होगा। यही नहीं पीएम मोदी ने कहा कि आप चुनौतियों से आगे बढ़ने की राह बनाती रही हैं। आप और मजबूत होकर उभरेंगी। हम सभी आपके साथ हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस मामले में भारतीय ओलंपिक समिति की अध्यक्ष पीटी उषा से भी बात की है। उन्होंने पीटी उषा से इस मामले में पूरी जानकारी ली।

## अभी भारत नहीं छोड़ेंगी बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना



ढाका (एजेंसी)। बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे चुकीं शेख हसीना अभी भारत में ही रहेंगी। उनके बेटे वाजेद जॉय ने जर्मन वेबसाइट को बताया कि हसीना का कहीं और जाने का फिलहाल कोई प्लान नहीं है। उन्होंने किसी देश से राजनीतिक शरण नहीं मांगी है। दूसरी तरफ, बांग्लादेश में हसीना की पार्टी अवामी लीग और उनके सहयोगी दलों से जुड़े करीब 29 नेताओं की हत्या कर दी गई। बांग्लादेशी एक्टर शान्तो खान और उनके पिता सलीम खान को भी भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला। सलीम अवामी लीग पार्टी से जुड़े थे। बांग्लादेश में सुरक्षा कारणों के चलते वहां से भारतीय के दूतावास के 190 कर्मचारियों को निकाला गया है। वहीं बांग्लादेश में आंदोलन का नेतृत्व करने वाले स्टूडेंट्स की सिफारिश के बाद नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया गया। शेख हसीना ने 5 अगस्त को बांग्लादेश छोड़ दिया था।

● हसीना का बेटा बोला-वे यहीं रहेंगी, पार्टी के 29 नेताओं की हत्या

● भारतीय दूतावास के 190 कर्मचारी बांग्लादेश से सकुशल लौटे

# 'कोटे पर कोटा' को लेकर असमंजस में कांग्रेस

● दलित नेताओं के विरोध के बाद पीछे हटती दिख रही पार्टी ● सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय से मुश्किल में फंस गई कांग्रेस

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी और एसटी आरक्षण में सब कैटेगरी करने के निर्णय को लेकर कांग्रेस पार्टी में असमंजस की स्थिति देखने को मिल रही है। कोर्ट के इस निर्णय आने के बाद कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व अभी चुप्पी साधे हुए हैं। हालांकि पार्टी के कई नेता व्यक्तिगत रूप में अपना विचार दे रहे हैं। इसी मामले को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी नेताओं की बैठक ली। जिसमें खड़गे के अलावा कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल, रणदीप सुरजेवाला, जयराम रमेश समेत कई वरिष्ठ नेता इस बैठक में शामिल हुए। इसके साथ ही कानूनी जानकार अभिषेक मनु सिंघवी और पार्टी के दलित चेहरे मुकुल वासनिक, कुमारी शैलजा, पीएल पुनिया, उदित राज, राजेश लिलोठिया मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक पार्टी मीटिंग के दौरान ज्यादातर दलित नेता फैसले के खिलाफ नजर आए।



### सभी मुयमंत्री और प्रदेशध्यक्षों से मुलाकात करेंगे खड़गे

करीब डेढ़ घंटे चली इस बैठक में तय हुआ कि खड़गे पार्टी के मुख्यमंत्री के साथ-साथ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्षों से भी मुलाकात करेंगे। वहीं जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और कांग्रेस सीडब्लूसी के सदस्य अभिषेक सिंघवी ने खड़गे से कोर्ट के निर्णय को लेकर उसके कानूनी पहलुओं पर चर्चा की। हालांकि इस मामले को राजनीतिक रूप में देखा जा रहा है। बैठक के बाद जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि पार्टी ने लोकसभा चुनाव के दौरान ही ओबीसी, एससी और एसटी आरक्षण का दायरा 50 फीसदी से बढ़ाने की मांग की थी। हम उसी पर कायम हैं साथ ही जातिगत जनगणना भी महत्वपूर्ण मुद्दा है।

## खुद डटे और बिहारी मूल के लोगों को सुरक्षित भेजा बिहार

● बांग्लादेश हिंसा के बीच 'बिहारी अफसरों' ने किया कमाल ● खुद की परवाह किए बिना 500 लोगों को भेज दिया बिहार

पटना (एजेंसी)। पड़ोसी देश बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद वहां फंसे सभी बिहारी मूल के लोग सुरक्षित भारत लौट गए हैं। देश वापसी का अभियान भारतीय उच्चायोग के उच्चायोग के लगभग 300 अधिकारी और कर्मचारी ही बांग्लादेश में रह गए हैं, जिन्हें केंद्र सरकार के अगले आदेश का इंतजार है। दरअसल, बांग्लादेश में अचानक बने तनावपूर्ण हालातों को



नेतृत्व में चलाया गया, जिसके प्रमुख प्रणय वर्मा हैं। प्रणय वर्मा खुद बिहार के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार, प्रणय वर्मा के सहयोग से 500 से अधिक बिहारियों को ( जो पढ़ाई या व्यवसाय के सिलसिले में बांग्लादेश में थे ) सकुशल निकाल लिया गया। बताया जा रहा है कि अब सिर्फ देखते हुए भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा और उनकी टीम ने मोर्चा संभाला और भारत सरकार के दिश- निर्देश से देश वापसी अभियान चलाया। इस दौरान बिहारी मूल के अधिकारियों ने भी प्रणय वर्मा के साथ मोर्चा संभाला और सभी भारतीयों की सुरक्षित वापसी में अहम भूमिका निभाई।

### मंदिर तोड़े जा रहे, हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा, फिर एकजुट होना होगा

● बांग्लादेश संकट पर बोले योगी आदित्यनाथ, इतिहास की गलतियों से सबक लेने की जरूरत



अयोध्या (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश के संकट को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के तमाम पड़ोसी जल रहे हैं। पड़ोसी देशों में मंदिर तोड़े जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को आने वाले संकट से बचाने के लिए एकजुट होने की जरूरत है। इतिहास की गलतियों से सबक लेने की जरूरत है क्योंकि जो इतिहास से सबक नहीं लेता, उसके उज्ज्वल भविष्य पर भी ग्रहण लग जाता है। योगी महंत रामचंद्र दास की मूर्ति अनावरण के मौके पर अयोध्या में बोल रहे थे। योगी ने कहा, आज दुनिया की वर्तमान तस्वीर देख रहे होंगे। कुछ तो हमे इन चीजों देखना पड़ेगा। क्या है इन सबका काम। आज भारत के तमाम पड़ोसी जल रहे हैं। मंदिर तोड़े जा रहे हैं। चुन-चुनकर हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है और तब भी हम इतिहास के उन परतों को ढूंढने का प्रयास नहीं कर रहे हैं, इसलिए हम याद करें,जो समाज गलतियों से सबक नहीं सीखता है, उसके भविष्य पर भी ग्रहण लग जाता है।

## सिलेक्शन रद्द होने की जानकारी मीडिया से मिली

### पूजा बोलीं-ऑर्डर कॉपी नहीं मिली, यूपीएससी का जवाब-दो दिन में भेज देंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व ट्रेनी आईएएस ऑफीसर पूजा खेडकर ने यूपीएससी सिलेक्शन कैंसिल करने को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में 5 अगस्त को याचिका लगाई थी, जिस पर 2 दिन बाद आज 7 अगस्त को सुनवाई हुई। कोर्ट में पूजा खेडकर की तरफ से वकील इंदिरा जयसिंह ने कहा कि सिलेक्शन कैंसिल होने की ऑर्डर कॉपी अभी तक पूजा को नहीं दी गई है। पूजा की वकील ने कहा कि सिर्फ एक प्रेस रिलीज देकर उम्मीदवारी रद्द करने की सूचना दी गई है। हमें मीडिया से इसके बारे पता चला था। इस प्रेस रिलीज को रद्द करना चाहिए और ऑर्डर कॉपी देनी चाहिए। बिना कॉपी के हम सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल में यूपीएससी के आदेश को चुनौती नहीं दे सकते हैं। इस पर जस्टिस ज्योति सिंह ने यूपीएससी से ऑर्डर कॉपी न देने का कारण पूछा। यूपीएससी की तरफ से वकील नरेश कौशिक ने कहा- पूजा के ऑफिशियल एड्रेस की जानकारी नहीं है। इसके बाद कोर्ट ने आदेश दिया कि यूपीएससी को पूजा का एड्रेस बताया जाए और इसके बाद यूपीएससी ऑर्डर कॉपी उनके घर भेजे और ई-मेल भी करें। इस मामले में प्रेस रिलीज जारी कर औपचारिक सूचना दी गई थी।





# उफान पर नदियां, पानी-पानी हुए यूपी और बिहार

● हिमाचल में 27 जून से अब तक 93 लोगों की हुई मौत

● राजस्थान में बाढ़, घरों में 5 फीट पानी, 10 राज्यों में अलर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में तेज बारिश के कारण गंगा और यमुना नदी उफान पर हैं। मुरादाबाद में इतनी बारिश हुई कि रेल ट्रैक पानी में डूब गया। पीलीभीत में सड़क बह गई। बिहार में भी तेज बारिश के चलते सीतामढ़ी, गया, सुपौल,



गोपालगंज के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। गंडक, बागमती और कोसी नदी उफान पर है। उधर, राजस्थान के जैसलमेर, पाली और जोधपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान तेज बारिश के बाद बाढ़ जैसे हालात हैं। जैसलमेर के मोहनगढ़ में 10 इंच, पोकरण में 7 इंच बारिश दर्ज की गई। पाली में 10 इंच और जोधपुर में 9 इंच बारिश दर्ज की गई। पाली में बाढ़ के चलते शहर की 52 से ज्यादा कॉलोनियां पानी में डूब गई। यहां 5 फीट तक पानी भरा हुआ है। कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में मंगलवार देर रात डेढ़ बजे एक ब्रिज गिर गया। इस दौरान ब्रिज क्रॉस कर रहा ट्रक काली नदी में गिर गया। ट्रक का ड्राइवर भी उसी ट्रक में था।

## संक्षिप्त समाचार

### म.प्र. मदरसा बोर्ड - ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 10 अगस्त तक

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** म.प्र. मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी उर्दू माध्यम परीक्षा सत्र 2024 के लिये परीक्षा आवेदन पत्र अधिकृत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाइन भरे जाने की दिनांक पूर्व में 25 जुलाई 2024 तक निर्धारित की गई थी। उक्त तिथि को बढ़ाकर 10 अगस्त 2024 बिना विलम्ब शुल्क के की जाती है। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार 10 अगस्त 2024 तक तथा भरे गए आवेदन पत्र डाक द्वारा कार्यालय मदरसा बोर्ड में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 16 अगस्त 2024 निर्धारित की गई है।

### विद्यार्थी परामर्श के लिए टोल फ्री नम्बर - 18001212830 पर सम्पर्क करें

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा टेलीकाउंसलिंग के माध्यणम से बच्चों को मनोवैज्ञानिक, सामाजिक सहायता प्रदान करने के लिए योग्य और प्रशिक्षित विशेषज्ञों, परामर्शदाताओं का एक नेटवर्क संवेदना बनाया गया है। संवेदना (18001212830) बच्चों द्वारा अनुभव किए गए चिंता, भय और अन्य मनोवैज्ञानिक, सामाजिक मुद्दों का समाधान किया जा सके। इसलिए परीक्षा की अवधि में टोल फ्री नम्बर- 18001212830 जारी किया गया है। इस टोल फ्री नम्बर-18001212830 पर सम्पर्क कर विद्यार्थी विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त कर सकते है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा - 2025 ऑनलाईन आवेदन 16 सितंबर तक भर सकते हैं

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय रातीबड़, भोपाल ने बताया कि कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2025 के आवेदन ऑनलाईन उपलब्ध हैं। वे ही छात्र-छात्राएँ आवेदन के पात्र हैं जो शासकीय, अशासकीय, ई.जी.एस. के कक्षा पॉचवीं में अध्ययनरत् हैं, तथा जिनका जन्म 01 मई 2013 से 31 जुलाई 2015 के मध्य हुआ हो। आवेदक ने कक्षा तीसरी, चौथी, पॉचवीं में लगातार प्रत्येक पूर्ण सत्र में अध्ययन किया हो तथा एक ही कक्षा में पुनरावृत्ति न की हो ।विद्यालय में छात्र, छात्राओं को शिक्षा, आवास, भोजन, यूनिफार्म, पाठ्य-पुस्तकें एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएँ निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। इसके अतिरिक्त नवीन शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत छात्र, छात्राओं को कम्प्यूटर, इंटरनेट, स्मार्ट क्लास की सभी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। चयन परीक्षा 18 जनवरी 2025, शनिवार को आयोजित होगी चयन परीक्षा के आवेदन केवल ऑनलाईन भरे जाएँगें, केवल बेबसाइट से आवेदन फार्म भरे जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय, रातीबड़, जिला भोपाल के कार्यालय से सम्पर्क किये जा सकते हैं। आवेदन ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि 16 सितंबर 2024 तक दूरभाष नम्बर-0755-2896325 पर संपर्क कर सकते हैं।

### एक ही पंजीयन से कॉलोनाइजर्स कर सकते हैं कही पर भी कार्य

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।**कॉलोनाइजर्स एक ही रजिस्ट्रेशन पर कही पर भी निर्माण कार्य कर सकेंगे। कॉलोनाइजर्स को अब अलग-अलग नगरीय निकायों में रजिस्ट्रेशन कराने से निजात मिलेगी। सारी प्रक्रिया ऑनलाइन होने के साथ 30 दिन की समय-सीमा में प्रमाण-पत्र जारी किए जाएँगे। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन से प्रक्रिया सरल होगी और प्रदेश के विकास में तेजी आएगी। मध्यप्रदेश नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 के जरिए अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण के भी प्रावधान किए हैं। आवेदन की सुविधा ई-नगर पालिका पोर्टल, एमपी अर्बन वेबसाइट, ई-सर्विस पोर्टल पर उपलब्ध है ।

### स्कूल भवनों की मरम्मत एवं सुधार के लिये आदेश जारी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।**स्कूल भवनों की मरम्मत एवं सुधार की आवश्यकता के संबंध में कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत श्री ऋतुराज सिंह द्वारा आदेश जारी कर शिक्षा विभाग अंतर्गत सहायक यंत्री, उपयंत्रियों की कमी के दृष्टिगत ग्रामीण क्षेत्रांतर्गत आने वाले स्कूल भवनों के लिए कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, भोपाल संभाग एवं शहरी क्षेत्रांतर्गत आने वाले स्कूल भवनों के लिए क्षेत्रीय सहायक यंत्री, नगर निगम भोपाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आदेश अनुसार संबंधित नोडल अधिकारी अपने का निरीक्षण कराए जाना सुनिश्चित करें। जर्जर अथवा क्षतिग्रस्त स्थिति में पाए जाने वाली शालाओं को चिन्हांकित कर वस्तुस्थिति जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा केन्द्र कार्यालय को भेजते हुए तथा सुरक्षा की दृष्टि से इसकी जानकारी से संबंधित क्षेत्रीय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अवगत कराना सुनिश्चित करें एवं सुधार करने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

# स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने जल्द शुरू होगा धार्मिक पर्यटन टूरिज्म पैकेज-पर्यटन मंत्री श्री लोधी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि मध्यप्रदेश ने धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पर्यटन के ऐसे कई दार्शनिक स्थल है, जो विश्व पटल पर अंकित है। प्रदेश के ऐसे बहुत से अनछुएं धार्मिक और पर्यटन स्थल है जो रमणीय और अद्भुत तो है। लोगों की पहुँच से न सिर्फ दूर है बल्कि इसकी पूर्ण जानकारी से भी पर्यटक वाकिफ नहीं है। ऐसे स्थलों तक आमजन आसानी से दर्शन लाभ लें सकें इसके लिये जल्द ही धार्मिक पर्यटन टूरिज्म पैकेज को शुरू किया जायेगा। श्री लोधी मंगलवार को मंत्रालय में पर्यटन विभाग की समीक्षा कर रहे थे। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लोधी ने कहा कि धार्मिक पर्यटन टूरिज्म पैकेज की कार्य-योजना को जल्द ही मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। इसमें विभिन्न चिन्हित स्थलों के रूट तय कर बस की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह धर्मस्व विभाग तीर्थ दर्शन योजना को प्रोत्साहित करता है। उसी प्रकार प्रादेशिक स्तर



पर ऐसी योजना के शुरू होने से पर्यटन के क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि एमपीटी के होटल्स के मैन्यू में स्थानीय व्यंजनों को शामिल किया जायेगा। उन्होंने सभी होटलों में प्लास्टिक फ्री पानी की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये। श्री लोधी ने कहा कि जिन स्थानों पर पर्यटकों की आवागमन ज्यादा है, वहां पर अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कराये जायें। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में पर्यटन स्थल है, उन पर्यटन स्थलों के आस-पास स्वागत द्वार बनायें जायें, जिसमें उस पर्यटन स्थल की जानकारी विस्तृत रूप से अंकित की जाये। प्रमुख सचिव पर्यटन श्री शिवशेखर शुक्ला ने पिछले आठ माह में अर्जित विशिष्ट उपलब्धियों महिलाओं के लिये सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के तहत 74 कार्य-शालाओं का आयोजन कर 3986 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया।

साथ ही स्कूल एवं महाविद्यालय की 11847 बालिकाओं और युवतियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। पर्यटन केन्द्र पर महिला कार्यकर्ताओं/हितधारकों की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न पर्यटन उद्यमों से संबंधित 2563 महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने जानकारी दी कि ग्रामीण पर्यटन अंतर्गत 123 नये होम-स्टे ले आउट किये गये, 104 नवीन होम-स्टे का कार्य प्रगति पर है तथा 29 नये होम स्टे के निर्माण कार्य पूर्ण कर लिये गये। 33 होम-स्टे का संचालन प्रारंभ किया गया एवं 10 होम-स्टे का पंजीयन कराया गया है।

## जनजातीय युवाओं के लिये स्वरोजगार व विकास की तीन नई योजनाएं

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** जनजातीय कार्य विभाग के अधीन मप्र आदिवासी वित्त एवं विकास निगम द्वारा तीन नई वित्तीय सहायता योजनाएं संचालित की जा रही हैं। भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना और मुख्यमंत्री अनुसूचित जनजाति विशेष परियोजना वित्त पोषण योजना के माध्यम से जनजातीय वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उनके समग्र कल्याण के लिये हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। मप्र आदिवासी वित्त एवं विकास निगम को %भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना% के तहत 1000 हितग्राही वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध 31 मार्च 2024 तक कुल 6 हजार 463 आवेदन मिले। इनमें से बैंकों द्वारा 1094 आवेदन मंजूर कर 904 पात्र हितग्राहियों को 33 करोड़ 70 लाख 47 हजार 620 रूपये की वित्तीय सहायता वितरित की गई। इस योजना में जनजातीय वर्ग के युवाओं को विनिर्माण गतिविधियों के लिए एक लाख से 50 लाख रूपये तथा सेवा व व्यवसाय गतिविधियों के लिए एक लाख से 25 लाख रूपये तक की वित्तीय सहायता बैंकों के माध्यम से दी जाती है। इसके लिए परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजना के अन्तर्गत हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित, शेष ऋण पर 5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज अनुदान तथा बैंक ऋण गारंटी शुल्क प्रचलित दर पर अधिकतम 7 वर्षों तक मोरेटोरियम अवधि सहित निगम द्वारा वहन किए जाने का प्रावधान है। योजना में इच्छुक अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण देने का भी प्रावधान है। योजना का क्रियान्वयन शासन द्वारा निर्धारित 'समस्त पोर्टल' के माध्यम से किया जा रहा है, तथा पोर्टल पर यह योजना %मुख्यमंत्री उद्यम कांति योजना% से समन्वित होती है। जिलास्तर पर योजना का क्रियान्वयन सहायक आयुक्त/जिला संयोजक/शाखा प्रबंधक, मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त एवं विकास निगम एवं महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के माध्यम से किया जा रहा है।

## खाद्य मंत्री श्री राजपूत के निर्देश पर सॉफ्टवेयर बदलने से आपूर्ति निगम को करोड़ो की बचत

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत के निगम की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिये जरूरी उपाय करने के निर्देश पर निगम द्वारा कार्रवाई शुरू की गई है। मध्यप्रदेश खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा बैंक ऑफ महाराष्ट्र के सॉफ्टवेयर के स्थान पर अपनी जरूरत के अनुसार एनआईसी से बनवाये गए सॉफ्टवेयर का उपयोग करने का निर्णय लिया गया है। इससे निगम को करोड़ो रूपये की बचत होगी। मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा उपलब्ध कराये गये सॉफ्टवेयर के माध्यम से जिलों के द्वारा प्रेषित धन मांग-पत्र एवं उनको राशि उपलब्ध कराने का कार्य किया जाता था। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से जिलों को राशि उपलब्ध कराने की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण करने में जहां एक ओर अत्याधिक समय लगता था वहीं दूसरी ओर बैंक के खातों में राशि रखने के कारण उस पर ब्याज के रूप में निगम को अनावश्यक वित्तीय भार वहन करना पड़ता था। प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम श्री पी.एन. यादव ने बताया है कि इस समस्या का समाधान निगम द्वारा एनआईसी से विकसित कराये गये ऑनलाईन सॉफ्टवेयर के माध्यम से कराया गया है। इसके कारण जिलों की मांग एवं उन्हें राशि उपलब्ध कराने की संपूर्ण प्रक्रिया में लगने वाले समय में काफी कमी आई है। साथ ही जिला स्तर पर अनावश्यक राशि रखने के कारण होने वाले ब्याज के व्ययभार से बचत की स्थिति निर्मित हुई है। अन्य संसाधनों की भी बचत हुई है। एनआईसी के द्वारा विकसित किया गया साफ्टवेयर ओटीपी आधारित होने के कारण ज्यादा सुरक्षित है। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से जिलों द्वारा की जा रही मांग को नियंत्रित करने के लिये विभिन्न राइडर्स लगाये गये हैं। विभिन्न कार्यालयीन व्यय जैसे टैक्सी किराया, स्टेशनरी, टेलीफोन, कम्प्यूटर रख-रखाय व्यय एवं विभिन्न आकस्मिक व्यय पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा रहा है।

## मध्यप्रदेश को देश में ग्रीन स्टेट के रूप में पहचान दिलायें -मंत्री श्री विजयवर्गीय

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि नागरिकों को बेहतर सुविधा देने के लिये नगरीय निकायों में कैडरवाइज रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया में तेजी लायें। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में समृद्ध वन हैं, इस बात को ध्यान में रखते हुए विभाग मध्यप्रदेश को प्रदूषण मुक्त बनाने में श्रेष्ठ कार्य करते हुए इसे ग्रीन स्टेट के रूप में पहचान दिलाने की ठोस पहल करे।

मंत्री श्री विजयवर्गीय आज भोपाल में मंत्रालय में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी भी मौजूद थीं। बैठक में विभाग के संकल्प पत्र की प्रगति



की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में मंत्री श्री विजयवर्गीय ने निर्देश दिये कि भोपाल एवं इंदौर में महानगरीय सेवाओं को सुदृढ़ किया जाये। इन शहरों के आसपास के नगरों में बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाने के लिये मैट्रोपोलिटन अथॉरिटी के जरिये काम किये जाये। बैठक में अग्निश्मन सेवा के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिये अलग से संचालनालय गठित करने के प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया गया। अग्निश्मन सेवा में आधुनिकीकरण के लिये केन्द्र सरकार से करीब 300 करोड़ रूपये प्राप्त हुए हैं। साथ ही राज्य का अंश 100 करोड़ रूपये का है। राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आगजनी की घटना के दौरान ऐसे वाहनों की सेवा ली जाये, जो खेतों और ग्रामीण क्षेत्रों में आसानी से पहुँच सकें। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने शहरी क्षेत्रों में रजक समुदाय के लिये समर्पित लॉन्ड्री क्षेत्र आवंटित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि 5 महानगरों में भूमि चिन्हित कर इस कार्य की शुरूआत की जाये। बैठक में बताया गया कि 10 हजार करोड़ रूपये के निवेश के साथ भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, सागर, सतना और उज्जैन में विकास कार्य किये जा रहे हैं। इनमें से 5 हजार 707 करोड़ रूपये के कार्य पूरे किये जा चुके हैं। इलेक्ट्रिक व्हीकल प्रोत्साहन नीति के तहत 6 शहरों में 552 ई-बसों के लिये निविदा जारी की जा चुकी हैं। इंदौर में 70 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है।

## विद्युत बिल राशि की वसूली अभियान में प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग लेकर प्रभावी कार्यवाही की जाए - अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री श्रीवास्तव

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री मनु श्रीवास्तव ने कहा है कि बकाया विद्युत बिल राशि वसूली करना और ईमानदार उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से विद्युत प्रदाय करना हमारा संकल्प है। मध्यप्रदेश के सभी शहरों में ऐसे क्षेत्र जहाँ पर सम्पन्न लोग रहते हैं और विद्युत बिल जमा नहीं करते हैं, उनसे विद्युत की राशि वसूल करने का विशेष अभियान चलाया जायेगा। विद्युत बिल वसूली के कार्य में जिला कलेक्टरों एवं पुलिस विभाग का सहयोग बहुत ही जरूरी है। अपर मुख्य सचिव श्री मनु श्रीवास्तव ने संभागीय आयुक्त कार्यालय ग्वालियर में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक एवं ग्वालियर संभाग के जिला कलेक्टरों से गूगल मीट के माध्यम से चर्चा करते हुए यह बात कही। बैठक में संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री, आईजी ग्वालियर रेंज श्री अरविंद सक्सेना, कलेक्टर ग्वालियर श्रीमती रुचिका चौहान, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह सहित विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, सीईओ विकास प्राधिकरण श्री नरोत्तम भार्गव एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि यह देखने में आया है कि सम्पन्न कॉलोनियों में रहने वाले लोग भी विद्युत बिल जमा नहीं करते हैं और यह स्थिति है कि वे अपने घरों पर लगे बिजली मीटरों से प्रतिमाह 150 रूपए का औसत बिल ही जमा कर रहे हैं।

# इंदौर और जबलपुर शहरी क्षेत्र में सिटी फारेस्ट बनाने की तैयारी तेज

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग द्वारा इंदौर और जबलपुर शहरी क्षेत्र में नगर वन (सिटी फारेस्ट) विकसित करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिये विभाग द्वारा योजनाबद्ध तरीके से तेजी से कार्य किया जा रहा है। विभाग द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 की कार्य योजना में नगर वन विकसित करने संबंधी प्रस्ताव रखा गया है। लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग द्वारा नेशनल टेक्सटाईल कॉर्पोरेशन से इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं बुरहानपुर जिले की बंद मिलों की भूमि को पुनः राज्य शासन के पक्ष में बंदोबस्त (वैष्ठित) कर लिया गया है। इसके विरुद्ध नेशनल टेक्सटाइल कॉर्पोरेशन ने इंदौर, उज्जैन एवं भोपाल की भूमि के संबंध में उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई है। संबंधित जिलों के कलेक्टर्स से समन्वय स्थापित कर विभाग द्वारा इन भूमि प्रकरणों के जल्द से जल्द निराकरण की कार्यवाही की जा रही है। इंदौर जिले में स्थित यूनाइटेड मालवा मिल का एक प्रमुख भाग प्रबंधन की मंशा से नगर वन (सिटी फारेस्ट) के रूप में विकसित करने के लिये बेहद उपयुक्त पाया गया है। इस विकास प्रस्ताव पर विभागीय योजना बनाकर कार्यवाही की जा रही है एवं कल्याण मिल का उचित रूप से प्रबंधन किया जा रहा है। उज्जैन की विनोद मिल के शेष पार्सलों पर व्यवसायिक गतिविधियों के प्रोत्साहन केलिये विभागीय योजना तैयार की जा रही है एवं उज्जैन की हीरा मिल का समुचित प्रबंधन भी विभागीय तौर पर किया जा रहा है। लोक परिसम्पत्ति विभाग द्वारा जबलपुर शहरी क्षेत्र में बीएसएनएल द्वारा अधिग्रहित भूमि को पुनः राज्य शासन के पक्ष में बंदोबस्त (वैष्ठित) कर लिया गया है। अब यहाँ %सिटी फारेस्ट% के लिये जरूरी विकास के मद्देनजर समुचित प्रबंधन एवं व्यवस्थाएँ की जा रही हैं।%लोक परिसंपत्ति प्रबंधन जिला प्रोत्साहन योजना% के अंतर्गत विभाग द्वारा जिलों में मौजूद आधारभूत संरचनाओं को और अधिक सुदृढ़ कर इन्हें नई आवश्यकतानुसार विकसित करने के लिये गत वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में 20 जिलों को उनसे प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार कुल 126 करोड़ 79 लाख रूपये वितरित किये गये। जारी वित्त वर्ष 2024-25 में इस योजना में 16 जिलों से पात्रतानुसार 65 करोड़ 49 लाख रूपये के विकास प्रस्ताव प्राप्त करने के लिये भी विभाग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

### भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यसभा निर्वाचन को लेकर जारी की अधिसूचना

भोपाल। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश सहित 9 राज्यों में होने वाले राज्यसभा निर्वाचन को लेकर बुधवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। राज्यसभा चुनाव के लिए प्रदेश में 14 अगस्त से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है। श्री राजन ने बताया कि 22 अगस्त को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह प्रदेश में हर्षोल्लास से मनाया जायेगा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने के लिये सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा राज्य स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक आयोजन संबंधी निर्देश जारी किये गये है। राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त 2024 को भोपाल के लाल परेड गाउण्ड पर आयोजित होगा।

स्वतंत्रता दिवस पर भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सुबह 9 बजे के पूर्व शौर्य स्मारक में पुष्प अर्पित किए जाएंगे। इसके बाद सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाल परेड ग्राउण्ड पर ध्वजारोहण कर प्रदेश की जनता को संबोधित करेंगे। लाल परेड ग्राउण्ड पर पुलिस. एस.ए.एफ., सी.आई.एस.एफ.. जेल गार्ड, होम गार्ड, एनसीसी एवं स्काउड गाइडस की संयुक्त परेड आयोजित की जाएगी। संयुक्त



परेड द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार जिला स्तर पर विधानसभा अध्यक्ष, मंत्री, कलेक्टर द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा एवं राष्ट्रगान का गायन किया जाएगा। पुलिस, होमगार्डस, एसएएफ, एनसीसी इत्यादि द्वारा परेड का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। जनपद पंचायत मुख्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा समारोह में सामूहिक राष्ट्रगान गाया जाएगा। ऐसी नगर पालिका/नगर परिषद जिनका मुख्यालय ब्लॉक मुख्यालय पर नहीं है. उनमें नगर पालिका/नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा और समारोह में राष्ट्रगान गाया जाएगा। ग्राम पंचायत मुख्यालय में सरपंच द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया जाएगा। सभी शासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं में पूर्व वर्ष के अनुसार सुबह 8 बजे या उसके पूर्व ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तत्पश्चात् सांस्कृतिक / साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी शिक्षण संस्थाओं में मौसम का ध्यान रखते हुए प्रातः काल प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। कॉलेज, स्कूल खेल कूद, अन्य प्रकार के कौशलों का प्रदर्शन अन्तर्विद्यालय, अन्तर्महाविद्यालयीन स्तर पर वाद विवाद प्रतियोगिताएँ, स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर चुने हुए छात्र-छात्राओं द्वारा वार्ता, राष्ट्रीय एकता, लघु बचत, जनसंख्या स्थिरीकरण, स्वच्छता अभियान एवं पुरस्कारों / प्रमाण पत्रों / मेडल आदि का वितरण इत्यादि कार्यक्रम में सम्मिलित किया जायेगा। पौद्य-रोपण के का कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

# प्रदेश भर में 10 अगस्त को 25 हजार स्थानों पर बहनों के सम्मान का होगा उत्सव

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में दिए निर्देश

### प्रदेश भर में 11 से 15 अगस्त तक चलेगा हर घर तिरंगा अभियान: मुख्यमंत्री






**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाड़ली बहना उत्सव तथा हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 25 हजार स्थानों में 10 अगस्त को बहनों के सम्मान का उत्सव आयोजित किया जाएगा। इस दिन लाड़ली बहना योजना के हितग्राही बहनों को 1250 रुपए तथा रक्षाबंधन पर्व के लिए 250 रुपए की अतिरिक्त राशि जारी की जाएगी। इस कार्यक्रम का जिला, विकासखण्ड, ग्राम पंचायत तथा सभी नगरीय निकायों के वार्डों में सजीव प्रसारण सुनिश्चित करें। इन स्थानों में आयोजित कार्यक्रमों में मंत्रीगण, सांसद, विधायक, पंचायत प्रतिनिधि, सरपंच, पार्षद आदि शामिल होंगे। सामारोह में अधिक से अधिक बहनों की भागीदारी सुनिश्चित करें। पूरे प्रदेश में रक्षाबंधन पर्व तक बहनों के सम्मान के कार्यक्रम लगातार आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में 11 अगस्त से 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। अभियान के लिए प्रशासनिक अधिकारी तिरंगे की व्यवस्था करेंगे। इसमें जनप्रतिनिधि भी पूरा सहयोग करें। राष्ट्रध्वज हम सबके लिए सम्मान और प्रेरणा का प्रतीक है। प्रत्येक शहर, कस्बे तथा गांव में तिरंगा रैली, तिरंगा यात्रा तथा अन्य आयोजन करके हर घर तिरंगा अभियान के लिए सकारात्मक वातावरण बनाएं। हर नागरिक को अपने घर में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करें। स्वसहायता समूहों तथा पोस्ट आफिस में पर्याप्त मात्रा में तिरंगे उपलब्ध हैं। अभियान के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा शहीदों के परिजनों को सम्मानित करें। स्थानीय कलाकारों के माध्यम से तिरंगे की शान और देशभक्ति के गीतों के कार्यक्रम आयोजित कराएं। ध्वज संहिता का पालन करते हुए हर घर में तिरंगा फहराया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के लिए विभिन्न संचार माध्यमों में पर्याप्त सामग्री उपलब्ध कराएं। सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें। सभी शिक्षण संस्थानों, व्यापारिक संगठनों, खेल संगठनों, सामाजिक संगठनों तथा अन्य संगठनों को भी इस अभियान में शामिल करें। यह अभियान राष्ट्र के गौरव का अभियान है। हमने अनगिनत शहीदों के बलिदान और कठिन संघर्ष के बाद आजादी प्राप्त की है। नई पीढ़ी को भी शहीदों के बलिदान से अवगत कराने का माध्यम हर घर तिरंगा अभियान को बनाएं।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण का अभियान जारी रखें। यह वर्ष रानी दुर्गावती के 500वां जन्मवर्ष तथा रानी अहिल्याबाई का 300वां जन्मवर्ष है। इन्हें भी लाड़ली बहना उत्सव तथा हर घर तिरंगा अभियान में याद करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बाढ़ तथा अतिवृष्टि से सुरक्षा के उपाय, जर्जर भवनों को नोटिस देकर गिराने के निर्देश दिए। पूरे प्रदेश में आगामी 26 अगस्त को पूरे उत्साह के साथ जन्माष्टमी का पर्व मनाएं। सभी कृष्ण मंदिरों तथा अन्य मंदिरों के परिसरों में विशेष साफ-सफाई कराकर आकर्षक सजावट कराएं। जिस तरह मथुरा में जन्माष्टमी मनाई जाती है उसी तरह पूरे प्रदेश में जन्माष्टमी मनाएं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मंत्रीगण, विधायक तथा सांसद एवं मुख्य सचिव सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए।

कलेक्ट्रेट एनआईसी केन्द्र से विधायक सीधी रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर राजेश शाही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा एवं अन्य अधिकारी शामिल हुए।

# ट्रैक्टर की टक्कर से महिला की मौत

## युवक गंभीर घायल, नाती के साथ बाइक से खेत जा रही थी



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** ब्यौहारी थाना क्षेत्र के नगनौडी गांव में सड़क हादसे में एक वृद्धा की मौत हो गई है। महिला अपने नाती के साथ बाइक पर सवार होकर कच्चे रास्ते से खेत जा रही थी। तभी सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी।।

हादसे में महिला की मौके पर मौत हो गई। वहीं महिला का नाती गंभीर घायल हुआ है। घटना बुधवार सुबह हुई, लेकिन ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दोपहर में दी। इसके बाद पुलिस घटना स्थल पहुंची और मामले की पड़ताल में जुटी गई। घटना में 70 वर्षीय महिला रामबाई पटेल की घटना स्थल में ही मौत हो गई है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि राम बाई अपने नाती के साथ बाइक से कच्चे रास्ते से खेत जा रही थी। तभी सामने से तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में महिला नीचे गिर गई और ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गई। जिसकी वजह से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चालक गंभीर घायल हो गया, जिसे सिविल अस्पताल ब्यौहारी में भर्ती कराया गया है।

थाना प्रभारी अरुण पांडे ने बताया कि घटना की जानकारी दोपहर में मिली थी। जानकारी लगने के बाद टीम मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा तैयार कर पीएम के लिए महिला का शव अस्पताल लाया गया। मामले की जांच की जा रही है।

# 6 साल के बच्चे को लगा करंट, मौत

## खेलते समय बिजली पोल का टूटा तार पकड़ा था



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के सिहावल जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनबरसा में 6 साल के बच्चे को खेलने के दौरान करंट लग गया। घटना में बच्चे की मौत हो गई। जानकारी लगते ही सारे गांव के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए।

बच्चे के पिता रामदास कोल ने बताया बुधवार शाम 4 बजे गांव के ही स्कूल के पास बच्चा खेल रहा था। मेरे घर के पास बिजली पोल का तार टूटा था। इस तार को खेलते समय बच्चे ने पकड़ लिया और उसे करंट लग गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मेरे बच्चे का नाम रवि कोल है, जो पहली कक्षा में पढ़ता था। वह स्कूल से घर वापस आया और बैग रखकर खेलने के लिए बाहर निकला ही था कि उसे करंट लग गया।

थाना प्रभारी अमिलिया राजेश पांडे ने कहा, करंट लगने से ग्राम सोनबरसा में बच्चे की मौत हुई है। हमने पोस्टमॉर्टम करा दिया है और शव को बच्चों की परिजनों को सौंप दिया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# दो बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर, 3 घायल, एक की मौत

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** ओरछा रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार सुबह झांसी रोड पर दो तेज रफ्तार बाइक आमने-सामने टकरा गईं। जिसमें चार लोग गंभीर घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टर एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। तीन का इलाज किया जा रहा है। वहीं थाना पुलिस के द्वारा मृतक की बॉडी का पंचनामा बनाकर पोस्टमॉर्टम कराया गया।

मृतक के चाचा राजू यादव ने बताया भतीजा सचिन पिता रमेश यादव (25) निवासी धमौरा, सुबह 10 बजे घर से हैयर कटिंग करवाने के लिए बाइक से देवपुर गया था। वहां से लौटते समय करीब साढ़े 11 बजे देवपुर और धमौरा के बीच नदी के पुल पर सामने से आ रही बाइक से टकरा गया। सामने वाली बाइक पर 3 लोग सवार थे। हादसे में सचिन रोड पर गिर गया, तभी पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने सचिन को कुचल दिया।

वहीं दूसरी बाइक पर समीर उम्र 17 वर्ष, अरमान उम्र 24 वर्ष, मुस्तफा उम्र 30 वर्ष निवासी छतरपुर तीनों लोग नदी में जा गिरे।

# अवैध वसूली करते नपाकर्मी का वीडियो

## पार्किंग के नाम पर कर रहे थे वसूली, रिकॉर्डिंग शुरू की तो भाग गए, सीएमओ बोले- कार्रवाई करेंगे






**मीडिया ऑडीटर छतरपुर एजेंसी।** छतरपुर में बुधवार को एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें दो व्यक्ति नगर पालिका पार्किंग की वसूली के नाम पर रशीद काटते हुए नजर आ रहे हैं। जिस वक्त व्यक्ति ट्रक की रसीद काट रहे थे। तभी पास में मौजूद एक व्यक्ति ने अपने मोबाइल में वीडियो बनाना शुरू कर दिया। वसूली कर रहे व्यक्तियों ने जैसे ही मोबाइल में वीडियो बनाते हुए देखा तुरंत मौके से बाइक छोड़कर भाग गए।

एक व्यक्ति ने भागते समय वीडियो बनाने वाले युवक को भाजपा नेता के संरक्षण में वसूली करने की बात कही और उसे देख लेने की धमकी भी दी। इसके बाद युवक ने नगरपालिका के अधिकारियों को सूचना दी गई और बाइक को सिविल लाइन थाने में रखवा दिया गया है। लेकिन सूचना के बाद से अभी तक नगरपालिका के संबंधित अधिकारियों ना तो कोई शिकायत दर्ज करवाई है ना कोई शिकायती आवेदन थाने में दिया।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार दोपहर 3 बजे पन्ना रोड स्थित फल गोदाम से पार्किंग वसूली के नाम पर दो लोग ट्रकों से अवैध राशिद काटकर वसूली रहे थे। एक युवक ने इनका मोबाइल में वीडियो बनाना शुरू कर दिया और पूछा कि आप किसके आदेश पर वसूली कर रहे हैं, इतना सुनते ही वसूली कर रहे दोनों युवक बाइक छोड़कर भाग खड़े हुए। उसी में से भागते समय एक युवक ने भाजपा नेता की संरक्षण में वसूली करने की बात कही और वीडियो बना रहे युवक को देख लेने की धमकी भी दी। उसके बाद मंडी के अनेक लोग मौके पर आ गए।

स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना सिविल लाइन थाने और नगर पालिका के अधिकारियों को देते हुए बाइक को सिविल लाइन थाने में रखवा दिया। वसूली करने वालों के बारे में जानकारी जुटाई गई तो पता चला है कि एक नपा कर्मचारी रमेश चौबे है। वहीं दूसरा व्यक्ति सचिन शुक्ला है। दोनों व्यक्ति अवैध तरीके से नगर पालिका पार्किंग की वसूली लंबे सम से फर्जी रसीद काटकर कर रहे हैं।

जिसकी शिकायत लोगों ने नगर पालिका अधिकारियों से कई बार की। लेकर नगर पालिका ने इन पर कोई कार्रवाई आज तक नहीं की। वायरल वीडियो में दोनों व्यक्ति अवैध तरीके से ट्रक ड्राइवर से बात करते हुए और 100 रुपए प्रति ट्रक की रसीद काटते हुए नजर आ रहे हैं।

इसके पहले भी अवैध वसूली के वीडियो वायरल हुए थे जिसकी खबर दैनिक भास्कर में 15 जून को प्रकाशित हुई थी जिसके बाद नपा सीएमओ ने वसूली बंद कर दी थी। कुछ समय नपा की टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई।

लेकिन अभी दरें निर्धारित न होने के कारण ठेकेदार के साथ अनुबंध नहीं किया। इसलिए वसूल के किसी को भी निर्देश नहीं दिए गए हैं। प्रभारी सीएमओ एल.एल तिवारी ने बताया है कि इस संबंध में जानकारी मिली है। वीडियो के आधार पर अवैध वसूली कर रहे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में नदी-नाले उफान पर

## नहाते समय मिढ़ासन नदी में डूबा वृद्ध, दिनभर चला रेस्क्यू ऑपरेशन



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना जिले में शनिवार-रविवार को हुई तेज बारिश से अभी भी नदी नाले उफान पर है। बुधवार को अमानगंज कस्बे से गुजरने वाली मिढ़ासन नदी किनारे अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद नहाते समय 55 वर्षीय व्यक्ति नदी के तेज बहाव में बह गया। जानकारी लगते ही पन्ना से एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और दोपहर के बाद रेस्क्यू किया गया। लेकिन शाम होने तक वृद्ध का पता नहीं लग सका।

जानकारी के अनुसार पन्ना जिले के अमानगंज निवासी चुन्नीलाल चौधरी (55) अंतिम संस्कार में शामिल होने मिढ़ासन नदी किनारे शांति धाम गया था। जहां से सभी लोग नहाने के लिए मिढ़ासन नदी के स्टेडियम घाट पहुंचे। सभी लोग लगभग नहा कर लौटने लगे थे। तभी चुन्नीलाल नहाने के लिए नदी में उतरा और तेज बहाव में बह गया।

इस दौरान कुछ लोगों ने उसे बचाने का प्रयास भी किया। लेकिन वो सफल नहीं हुए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। अमानगंज पुलिस ने तत्काल सूचना पर होम-गार्ड डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट एसवी पांडेय को दी। जिसके बाद प्लाटून कमाण्डर सत्यपाल जैन के नेतृत्व में एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

लेकिन, शाम तक नदी में बहे चुन्नीलाल का कुछ भी पता नहीं चला है। रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है। प्लाटून कमांडर सतपाल जैन ने बताया कि नदी का बहाव तेज होने की वजह से रेस्क्यू में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# तेज रफ्तार बाइक ने मासूम को मारी टक्कर

## स्कूल जा रहे 10 वर्षीय बालक की मौके पर मौत, आरोपी की तलाश कर रही पुलिस



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के बम्हनी चौकी क्षेत्र में बुधवार को एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने स्कूल जा रहे एक 10 साल के मासूम बच्चे को टक्कर मार दी। हादसा ग्राम चौफाल में सुबह करीब 10 बजे हुआ, जिसमें बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस आरोपी को ढूंढ रही है।

बालक के पिता केदार साहू ने बताया कि सुबह उनका बेटा संदीप साहू स्कूल जाने के लिए घर से निकला था। वह उस समय घर से बाहर मजदूरी करने गया था। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि बेटे को बाइक चालक ने टक्कर मार दी है। इसके बाद जब तक वह मौके पर पहुंचे बच्चे की मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से भाग निकला। इसके बाद उसने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

वहीं चुरहट थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया कि बाइक की टक्कर से एक बच्चे की मौत हो गई हैं। आरोपी बाइक चालक को ढूंढने का प्रयास किया जा रहा हैं। जल्दी ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

# खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजना अन्तर्गत डी.एस.आर. विधि से आयोजित धान प्रदर्शनों का अवलोकन किया गया - उप संचालक कृषि

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में सीधी जिले के किसानों के यहां वर्ष खरीफ2024 में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा धान एवं न्यूट्रीसीरियल योजना अन्तर्गत कृषक सूरज सिंह ग्राम बघवारी विकासखण्ड सीधी के यहां ज्वार प्रदर्शन एवं डी.एस.आर. धान प्रदर्शन (किस्म जे.आर. 206), राजेश सिंह ग्राम बघवारी विकासखण्ड सीधी के यहां आयोजित ज्वार प्रदर्शन का अवलोकन 07 अगस्त 2024 को संजय कुमार श्रीवास्तव उप संचालक कृषि सीधी, विवेक कुमार दुबे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सीधी, बंटीलाल तकनीकी सहायक सीधी, दिनेश कुमार मिश्रा कृषि विस्तार अधिकारी सीधी द्वारा अवलोकन करते हुये मौके पर ज्वार, अरहर, धान की फसल स्वस्थ पाई गई।

# एशियन लाठी प्रतियोगिता में शहडोल ने लहराया परचम

## भूटान में आयोजित प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों को मिले 9 स्वर्ण और 11 रजत पदक



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** भूटान के थिम्पू में साउथ एशियन लाठी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में शहडोल जिले के 14 खिलाड़ियों को भेजा गया था। जिसमें शहडोल के खिलाड़ियों ने कुल 21 पदक जीतकर देश, प्रदेश सहित शहडोल जिले का मान बढ़ाया है।

जिले के शुभम तिवारी ने रजत पदक, प्रवीण ने रजत पदक, अनामिका यादव ने स्वर्ण पदक, शिवानी यादव ने रजत पदक, सना अंसारी ने स्वर्ण पदक, अगमदीप ने स्वर्ण पदक और रजत पदक, अंश गोले ने रजत पदक और कांस्य पदक, आर्या गुप्ता ने स्वर्ण पदक और रजत पदक, शानवी सोनी ने रजत पदक, अभिषेक जायसवाल ने स्वर्ण पदक और रजत पदक, अंशिका गोले ने स्वर्ण पदक और अरीका पाण्डेय ने स्वर्ण पदक और रजत पदक अपने नाम कर शहडोल सहित मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया है।

शहडोल के सभी खिलाड़ियों ने 9 स्वर्ण, 11 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 21 पदक जीतकर देश, प्रदेश सहित शहडोल जिले का मान बढ़ाया। इस उपलब्धि पर एसपी कुमार प्रतीक ने खिलाड़ि?यो सहित सभी प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि शहडोल के खिलाड़ियों ने भूटान में भारत का परचम लहरा कर शहडोल जिला को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है जिसकी मिसाल भूटान में आयोजित प्रतियोगिता में शहडोल के खिलाड़ियों ने कायम की है।

भूटान में आयोजित साउथ एशियन लाठी प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को विराट मार्शल आर्ट एकेडमी सोहागपुर के मुख्य प्रशिक्षक और लाठी प्रतियोगिता के एशियन जज प्रमोद विश्वकर्मा, सहायक प्रशिक्षक शिवानी नामदेव और संभागीय सचिव संजीव निगम ने प्रशिक्षण दिया था।

इस उपलब्धि में लाठी संघ के जिला अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, सहायक आयुक्त आनंदराव सिन्हा, क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री डॉ. राकेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, संभागीय लाठी संघ के मार्गदर्शक और क्रीडा अधिकारी अजय द्विवेदी, संभागीय मैनेजर और जिला सचिव अनूपपुर किशोर साकेत, खेल विभाग के अजय सौंधिया और दयानंद सोंधिया ने भी प्रशिक्षक और खिलाड़ियों को बधाई दी।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत बीमा कराने की अंतिम तिथि 16 अगस्त

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सरकार ने किसानों की सुविधा को ध्यान मे रखते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफफसलों का बीमा कराने की अन्तिम तिथि को 16 अगस्त तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। निश्चित ही इस निर्णय से किसानों को राहत मिलेगी और वह अधिक संख्या में योजना का लाभ ले पायेंगे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत मौसम, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से यदि किसानों की फसल खराब होती है तो इस स्थिति मे फसल को होने वाले नुकसान की छतिपूर्ति की जाती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत समस्त ऋणी व अऋणी किसान 16 अगस्त 2024 तक फसलों का बीमा करा सकते है। पहले इसके लिए अन्तिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर 16 अगस्त तक कर दिया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पटवारी हल्का स्तर पर अरहर, मक्का एवं धान, तहसील स्तर पर तिल, ज्वार एवं कोदो कुटकी तथा जिला स्तर पर उड़द एवं मूंग फसलों को अधिसूचित किया गया है। किसानों के लिए खरीफ मौसम में प्रीमियम दर अनाज, तिलहन, दलहन सभी फसलों के लिए बीमित राशि का 2 प्रतिशत या वास्तविक दर जो भी कम हो देय होगी।

# विचार

## समाज सुधार के बिना आर्थिक विकास अधूरा

प्राय: आर्थिक विकास को अधिक महत्व दिया जाता है पर अनुभव से पता चलता है कि समाज-सुधार के समुचित प्रयासों के बिना आर्थिक विकास अधूरा ही रह जाता है। इसमें अनेक विसंगतियां भी आ सकती हैं। अत: समाज-सुधार के समग्र कार्यक्रम पर व्यापक सहमति बनाकर इसे निरंतरता से आगे ले जाना चाहिए। इसमें एक बड़ी प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि सभी तरह के नशे को न्यूनतम करने के लिए निरंतरता से जन-अभियान चलने चाहिए। सभी तरह के नशे न्यूनतम कैसे हो सकते हैं, इसकी एक सुलझी हुई समझ बना लेनी चाहिए। फिर इस आधार पर सभी गांवों व शहरी बस्तियों में नशा-विरोधी समितियों का गठन कर निष्ठापूर्वक कार्य होना चाहिए। इस प्रयास में अग्रणी भूमिका महिलाओं की होनी चाहिए। महिलाओं के विरुद्ध जो विभिन्न तरह की हिंसा होती है, उसे न्यूनतम करने के प्रयास निरंतरता से होने चाहिए, पर केवल यही पर्याप्त नहीं है। महिलाओं को समाज में अधिक सम्मान मिले इसके लिए प्रयास होंगे तो महिला-विरोधी हिंसा अपने आप कम होगी। महिलाओं की गरिमामय स्थिति बनी रहे पर साथ में उन्हें समाज के सभी क्षेत्रों से अधिक खुलकर जिम्मेदारियां निभाने और कार्य करने के अवसर मिलने चाहिए। बेटियों की शिक्षा बढ़नी चाहिए व साथ में खेलों में, सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बेहतर अवसर मिलने चाहिए।जुआ या गैंबलिंग कई रूप में आ गया है। सभी तरह के जुए से दूर रहना चाहिए। साथ में यह विचार विकसित होना चाहिए कि जो अपनी मेहनत की कमाई है, वही सबसे उचित कमाई है। सभी तरह के अपराधों से दूर रहने का विचार सभी लोगों में विशेषकर युवाओं में प्रतिष्ठित करना चाहिए। समाज में किसी के प्रति भी भेदभाव नहीं होना चाहिए। धर्म, जाति, रंग, नस्ल, लिंग, क्षेत्रीयता आदि किसी भी आधार पर भेदभाव अनुचित है। सभी मनुष्यों की समानता को हृदय से स्वीकार करना चाहिए व इस आधार पर सभी की भलाई के लिए सोचना चाहिए। इस तरह के विचारों के प्रसार से समाज तरह-तरह की संकीर्णता व उस पर आधारित द्वेष व आक्रामकता से मुक्त होगा। अपने से निर्धन या कमजोर स्थिति के किसी भी व्यक्ति के प्रति हमारा व्यवहार उसकी भलाई को बढ़ाने वाला व नम्रता का होना चाहिए। उसकी कमजोर स्थिति के आधार पर उसका शोषण कभी नहीं करना चाहिए अपितु यह सोचना चाहिए कि यथासंभव हम उसकी कितनी सहायता कर सकते हैं। शोषण की सोच से समाज को मुक्त करना समाज-सुधार का एक अति महत्वपूर्ण पर उपेक्षित पक्ष है। परिवार में, आस-पड़ोस में व अन्य स्तरों पर लड़ाई-झगड़ों, क्रोध में बोले गए कठोर वचनों से बचना चाहिए। बदले की भावना में सुलगते रहने या अदालती झगड़ों में उलझने के स्थान पर यथासंभव किसी वाद-विवाद को स्वयं व मित्रों की सहायता से शीघ्र सुलझा लेना चाहिए। आस-पड़ोस में व गांव समुदायों में या शहरी मोहल्लों में अत्यधिक प्रतिस्पर्धा व ईर्ष्या के माहौल के स्थान पर आपसी सहयोग व मिल-जुलकर कार्य करने के माहौल को तैयार करना चाहिए। बच्चों को भी अत्यधिक प्रतिस्पर्धा की होड़ से बचाना चाहिए। सादगी के जीवन को नए सिरे से प्रतिष्ठित करना चाहिए।

# प्रकृति की चेतावनियों को अनसुना करना ठीक नहीं

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

**प्रकृति का अत्यधिक दोहन और छेड़छाड़ के दुष्परिणाम वायनाड, जोशी मठ और केदारघाटी के तौर पर हमारे समक्ष हैं। प्रकृति बार बार किसी ने किसी घटना या तरीके से पूरी मानव जाति को चेतावनी और संदेश दे रही है, और हम लगातार प्रकृति के संदेशों को अनसुना और अनदेखा कर रहे हैं। 2013 में केदार घाटी में जो सैलाब आया और तबाही हुई अथवा उत्तरकाशी में भूकंप के बाद जो बाढ़ आई, हमने उन्हें ही प्रलय माना। विनाश और बर्बादी का दूसरा नाम प्रलय है। अब केरल के वायनाड जिले में लगातार तीन भू-स्खलन आए और फिर सैलाब आया, गांव के गांव दफन हो गए,**



400 से अधिक घर देखते ही देखते 'मलबा' हो गए, करीब 387 मौतें हो चुकी हैं और 200 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं, यह प्रलय नहीं है, तो और क्या है? 'स्थावराणां हिमालय:', इस प्रसंग का उल्लेख श्रीमद्भागवत गीता के दसवें अध्याय के 25 वें श्लोक में हुआ है। इसमें 'श्रीकृष्ण' ने कहा है कि 'मैं स्थिर रहने वालों में हिमालय हूं'। सुखमय जीवन के लिए वेदों में हिमालय की आराधना का उल्लेख भी हुआ है। महाकवि कालिदास ने अपने महाकाव्य 'कुमारसंभव' में हिमालय को 'धरती का मानदंड' तथा 'दुनिया की छत व आश्रय' बताया था। अनादिकाल से पहाड़ आध्यात्मिक चेतना की पुण्यभूमि रहे हैं। प्रकृति के प्रबल उपासक रहे कई ऋषि मुनियों की तपोस्थली, भक्ति व अनुसंधान का केंद्र पर्वतराज हिमालय ही रहा है। मगर बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं व अंधाधुंध निर्माण कार्य पहाड़ों की स्थिरता को चुनौती पेश कर रहे हैं। 16 जून 2013 को केदारनाथ धाम के पीछे मौजूद चोराबाड़ी ग्लेशियर के ऊपर बादल फटा। ग्लेशियर में बनी एक पुरानी झील में इतना पानी भर गया कि उसकी दीवार टूट गई। पांच मिनट में पूरी झील खाली हो गई। पानी इतनी तेजी से निकला कि केदारनाथ धाम से लेकर हरिद्वार तक 239 किलोमीटर तक सुनामी जैसी लहरें देखने को मिलीं। चारों तरफ तबाही और बर्बादी। हजारों लोग मारे गए। हजारों का आज भी पता नहीं चला। नदियों का बढ़ा जलस्तर देख डर लग रहा था। लोगों को बचाने के लिए सेना, एयरफोर्स और नौसेना ने 10 हजार से ज्यादा सैनिक और 50 से ज्यादा हेलीकॉप्टर और विमान लगाए। वायुसेना के विमानों ने 2137 बार उड़ान भरी। 1.10 लाख से ज्यादा लोगों को बचाया गया। साल-दर-साल बीतते चले गए। हादसे के निशान तो अब भी पहाड़ों की ढलानों पर दिखते हैं। केदारनाथ धाम जाने की दूरी भी बढ़ गई। क्योंकि रामबाड़ा कस्बा पूरी तरह से खत्म हो गया था। नया रास्ता बनाया गया। जो पुराने रास्ते से करीब तीन किलोमीटर ज्यादा है। पहले आप केदारनाथ घाटी के बाएं पहाड़ों पर चलते हुए मंदिर तक जाते थे अब रामबाड़ा से रास्ता दाहिनी ओर कट जाता है। उत्तराखंड का शहर जोशीमठ धीरे-धीरे जमीन में धंसता जा रहा है। 2023 में जोशीमठ से जुड़े समाचार देश दुनिया में छाये हुए थे। विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान संकट कई कारणों से उत्पन्न हुआ है, जिनमें वर्षों से चल रहा अनियोजित निर्माण, जलविद्युत परियोजनाएं और उचित जल निकासी व्यवस्था का अभाव शामिल है। 1976 में एक सरकारी रिपोर्ट में जोशीमठ में भारी निर्माण कार्य पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई थी, जिसमें कहा गया था कि मिट्टी की भार वहन क्षमता की जांच के बाद ही इसकी अनुमति दी जानी चाहिए। रिपोर्ट में उचित जल निकासी और सीवेज प्रणाली के निर्माण तथा कटाव को रोकने के लिए कंक्रीट सीमेंट ब्लॉक लगाने का भी सुझाव दिया गया था। लेकिन विशेषज्ञों की हर हिदायत और चेतावनी को अनसुना किया गया। वायनाड में जो कुछ हुआ, यह कुदरती मार नहीं, मानव-निर्मित घटना है, क्योंकि आदमी अपनी मौज मस्ती और ऐयाशी के लिए पहाड़ों को तोड़ रहा है। पहाड़ों की चोटियों पर भी इमारतें बनाई जा रही हैं। केरल की भौगोलिक स्थिति परंपरागत पहाड़ों से भिन्न है, लेकिन देश भर के 80-85 फीसदी भू-स्खलन केरल में ही आते हैं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के मुताबिक, 2015 से 2022 तक 3782 भूस्खलन आए। उनमें से करीब 60 फीसदी केरल में ही आए। मौजूदा हालात पर विशेषज्ञों का मानना है कि अरब सागर का तापमान बढ़ने से बेहद घने बादल बने और उसी से केरल में कम समय में बहुत ज्यादा बारिश हुई। वायनाड पहाड़ी जिला है और पश्चिमी घाट का हिस्सा है। यहां 2100 मीटर तक ऊंचे पहाड़ हैं।

विशेषज्ञों की मानें तो, जलवायु-परिवर्तन ने भी बारिश की स्थिति और भूस्खलन की तीव्रता को बढ़ाया है। एक शोध में कहा गया है कि जो वायनाड साल भर बूंदाबांदी और मानसून की बारिश वाला ठंडा, नम वातावरण वाला इलाका होता था, जलवायु-परिवर्तन के कारण अब सूखा, गर्म, लेकिन मानसून के दौरान भारी, तीव्र बारिश वाला क्षेत्र बन गया है। इस बदलाव से भूस्खलन का जोखिम बढ़ा है। 2018 के मानसून में भी खूब बारिश हुई थी, तब करीब 400 लोगों की जान चली गई थी। उसके बाद केरल में भू-स्खलन वाला क्षेत्र बढ़ गया है। इस हादसे, संकट या घटना पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

देश में हर राज्य में, हर क्षेत्र में विकास होना चाहिए, लेकिन ऐसी घटनाओं से सबक भी सीखना चाहिए। विकास-कार्य जापान और ताइवान सरीखे देशों में भी हो रहे हैं। वहां भी पहाड़ काटे जा रहे हैं, लेकिन ऐसे हादसों से बचने के बंदोबस्त भी किए जा रहे हैं। वे दीवार पुश्ता लगाना हो अथवा पेड़-पौधों का रोपण या कुछ और बंदोबस्त करना हो, जापान इसमें अग्रणी रहा है। वहां के पहाड़ों को स्थिर बनाए रखने के लिए विशेष तरह की जालियां तक लगाई गई हैं। देश के उत्तराखंड राज्य में टिहरी बांध में ढलानों की कटाई के बाद बेहतर सुरक्षा उपाय किए गए हैं। ताइवान ने पहाड़ पर दबाव मापी यंत्र लगाकर एक भिन्न प्रयोग किया है। इससे यथासमय पता चल जाता है कि पहाड़ पर कितना दबाव है और वह लोगों को पहाड़ के दरकने को लेकर आगाह कर देता है। हमारे देश में जो निर्माण-कार्य बेलगाम और अनियोजित तरीके से किए जाते हैं। खनन तक धड़ल्ले से कराया जाता है। पहाड़ को काटते-तोड़ते रहेंगे, तो ऐसे 'प्रलय' कैसे रोके जा सकते हैं? इस विषय पर गंभीर चिंतन होना चाहिए। निस्संदेह, मौजूदा परिस्थितियों में जरूरी है कि विभिन्न राज्यों में ऐसी आपदाओं से बचाव की तैयारी करने और निपटने के लिये तंत्र को बेहतर ढंग से सुसज्जित करने के तौर-तरीकों पर भी युद्धस्तर पर काम किया जाए। इसमें दो राय नहीं कि हाल के वर्षों में देश में आपदा प्रबंधन की दिशा में प्रतिक्रियाशील तंत्र सक्रिय हुआ है और जान-माल की क्षति को कम करने में कुछ सफलता भी मिली है, लेकिन इस दिशा में अभी बहुत कुछ करना बाकी है। इसके साथ ही पारिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रभाव के बारे में विशेषज्ञों की चेतावनियों पर ध्यान देने की जरूरत है। जिसके लिये राज्य सरकारों की सक्रियता, उद्योगों की जवाबदेही और स्थानीय समुदायों की जागरूकता की जरूरत है। अपनी आबादी की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने की तुलना में देश कहीं ज्यादा तेजी से प्राकृतिक संसाधनों को खत्म कर रहे हैं। गौरतलब है कि इन देशों में भारत भी शामिल है जो अभी भी अपने देश में रहने वाले लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है। यह जानकारी हाल ही में यूनिवर्सिटी ऑफ लीड्स द्वारा वर्ष 2021 में किए एक अध्ययन में सामने आई है जोकि जर्नल नेचर सस्टेनेबिलिटी में प्रकाशित हुआ है। वायनाड की त्रासदी का बड़ा सबक यह है कि हमें प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण ढंग से इस्तेमाल के प्रति नये सिरे से प्रतिबद्ध होना होगा। केदारनाथ, जोशीमठ और वायनाड में प्रकृति के रौद्र रूप हम देख और भोग चुके हैं। इसलिए समय रहते प्रकृति की चेतावनियों और संदेशों को समझना होगा, अपितु आने वाले समय में प्रकृति का रौद्रता का आकार विशाल और भयानक हो सकता है।

# बांग्लादेश में चीन और आईएसआई ने मिलकर जो साजिश रची थी, वह सफल हो गयी है

नीरज कुमार दुबे

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्तापलट हो गया और कई मामलों में दोषी ठहराये जाने के बाद से अपने घर में नजरबंद खालिदा जिया की रिहाई का आदेश भी आ गया। यदि आप बांग्लादेश में हाल में घटी सारी घटनाओं की कड़ियों को जोड़ेंगे तो पाएंगे कि यह सब कुछ तय पटकथा के हिसाब से हुआ है। इसलिए शेख हसीना सरकार का जाना और खालिदा जिया का कैद से बाहर आना भारत के लिए चिंताजनक खबर है। पहले ही डुरंड लाइन के नाम से मशहूर भारत और अफगानिस्तान सीमा तथा पाकिस्तान व चीन से लगती सीमाओं पर हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं और अब बांग्लादेश से लगती सीमाओं पर भी सुरक्षा हालात चुनौतीपूर्ण हो गये हैं। बांग्लादेश में जो घटनाक्रम घटा है यदि उसे आप भारत के परिप्रेक्ष्य में देखेंगे तो पाएंगे कि हमें घेरने के लिए चीन और पाकिस्तान जो प्रयास लंबे अर्से से कर रहे थे उसमें वह कुछ हद तक कामयाब हो गये हैं।दरअसल विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत करता और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ता हिंदुस्तान हमारे दुश्मनों को नहीं भा रहा है। इसलिए भारत में अशांति फैलाने के लिए तमाम प्रयास किये जाते हैं। दुश्मनों को लगता है कि भारत ने आतंक और उग्रवाद पर काबू पाने में जो सफलता पाई है कैसे उसे विफल करा जाये। इसके लिए वह तमाम तरह के हथकंडे अपनाते रहते हैं और सीधी लड़ाई से बचते हुए दायें या बायें से वार करना चाहते हैं। दुश्मन को जम्मू-कश्मीर की शांति और पूर्वोत्तर क्षेत्र की प्रगति नहीं भा रही है। दुश्मनों ने जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर में आतंक



और उग्रवाद को हवा देने के लिए तथा भारत को इस दंश से जूझने के लिए जो कड़ी मेहतन की थी उस पर पिछले दस सालों में पानी फेर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर में आतंकी कमांडरों और अलगाववादियों का सफाया हो चुका है। पूर्वोत्तर क्षेत्र भी अपेक्षाकृत शांत हो गया है। वहां के कई उग्रवादी संगठन सरकार से समझौता कर मुख्यधारा के जीवन में लौट आये हैं। उग्रवादी और आतंकी संगठनों को मिलने वाली टैरर फंडिंग पर भी रोक लग गयी है। जाहिर है यह सब पाकिस्तान और चीन को नहीं भा रहा था। खासतौर पर शेख हसीना के कार्यकाल में जिस तरह बांग्लादेश सरकार भारत को वरीयता देती थी उससे भी चीन नाखुश रहता था। ऐसे में चीन इस ताक में था कि कैसे इस स्थिति को बदला जाये। चीन को परेशान देख पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने मदद के लिए प्रस्ताव रखा और फिर योजनाबद्ध तरीकों से चीजों को आगे बढ़ाया गया। बताया जा रहा है कि हाल के दिनों में बांग्लादेश के कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी से जुड़े छात्र संगठन इस्लामी छात्र शिबिर (आईसीएस) को पाकिस्तान में काम कर रही कुछ चीनी कंपनियों की ओर से फंडिंग भी दी गयी थी। इन पैसों का इस्तेमाल बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जनभावनाएं भड़काने और छात्रों का आंदोलन खड़ा करने में किया गया था। बताया जा रहा है कि चीन और आईएसआई की मिलीभगत से यह तय किया गया था कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार को गिराने के लिए कब क्या किया जाना है। इस्लामी छात्र शिबिर आईएसआई के बेहद नजदीकी माने जाने वाले देवबंदी आतंकी समूह हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी (हूजी) के साथ काम रहा था। बताया यह भी जा रहा है कि भारतीय खुफिया एजेंसियां लंबे समय से इस्लामी छात्र शिबिर की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थीं क्योंकि उन्हें खबर लगी थी कि भारत विरोधी एजेंडा आगे बढ़ाने की रणनीति बनाई जा रही है। बताया यह भी जा रहा है कि इस्लामी छात्र शिबिर के कुछ सदस्यों को पाकिस्तान और अफगानिस्तान में प्रशिक्षण भी दिलाया गया था। इस संबंध में कुछ वीडियो भी हाल के दिनों में खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों के हाथ लगे थे। बताया जा रहा है कि इन सबका एकमात्र उद्देश्य यही है कि बांग्लादेश में भी अफगानिस्तान के तालिबान जैसी सरकार बनाई जा सके। इस संबंध में आईएसआई ने पूरी मदद और समर्थन का भरोसा भी इस्लामी छात्र शिबिर को दिलाया था। यह सारे समूह चाहते थे कि दिन पर दिन जिस तरह भारत और बांग्लादेश के संबंध प्रगाढ़ होते जा रहे हैं उसको नुकसान पहुँचाया जा सके। चीन भी देख रहा था कि जिस तरह बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना विभिन्न मुद्दों पर चीन को वरीयता देने की बजाय भारत के साथ खड़ी हो जाती हैं उस स्थिति से तभी छुटकारा मिल सकता है जब बांग्लादेश में पाकिस्तान समर्थित सरकार बन जाये। जहां तक बांग्लादेश की मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी की बात है तो उसने कभी भी भारत विरोधी रवैया अख्तियार करने का मौका नहीं गंवाया। बताया जा रहा है कि बीएनपी के कार्यकर्ताओं ने इस्लामी छात्र शिबिर के साथ मिलकर सरकार विरोधी आंदोलन को हवा दी और आखिरकार अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहे। इसके अलावा, बांग्लादेश सेना जिस तरह कट्टरपंथियों के आगे घुटने टेकती दिख रही है और देश को अराजकतावादियों के हाथों में जाते देख रही है उससे भारत की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। बहरहाल, भारत को बांग्लादेश में हिंदुओं और हिंदू मंदिरों पर बढ़ते हमले रोकने की दिशा में कदम उठाने के अलावा पूर्वोत्तर क्षेत्र पर विशेष निगाह रखनी होगी। यहां किसी भी राज्य में सरकार विरोधी आंदोलन को अगर हवा दी जाती है तो उसे तत्काल थामना होगा। दरअसल, पूर्वोत्तर क्षेत्र में भारत ने शांति को स्थापित करने के लिए जो मेहनत की है उसको बाधित करने के लिए उग्रवादी संगठन और कट्टरपंथी एड़ी चोटी का जोर लगाएंगे इसलिए बहुत सतर्क रहना होगा। साथ ही, पिछले कुछ वर्षों में भारत ने बांग्लादेश से होने वाली घुसपैठ, नशीली दवाओं और मानव तस्करी पर लगाम लगाने और नकली मुद्रा से संबंधित मुद्दों के समाधान की दिशा में जो सफलता प्राप्त की है, उसे भी विफल करने के प्रयास किये जायेंगे। इसलिए सावधान रहने की जरूरत है।

# स्वास्थ्य मंत्री की पहल पर नगर पालिक निगम चिरमिरी को मिली विकास कार्यों की सौगात

## नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से 4 करोड़ 98 लाख रुपए के 35 निर्माण कार्यों की मिली मंजूरी

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल से नगर निगम चिरमिरी को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से अधोसंरचना मद में 35 निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिली है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में निकाय क्षेत्रांतर्गत इन निर्माण कार्यो के लिए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 4 करोड़ 98 लाख 58 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गयी है।



स्वीकृत निर्माण कार्यों में वार्ड क्र.15 सरगुजा समिति के पास हल्दीबाड़ी चिरमिरी में सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 12.05 लाख रुपए, वार्ड क्र.16 भुरकुण्डी मुक्तिधाम के पास हल्दीबाडी चिरमिरी में भवन निर्माण के लिए 12.05 लाख रुपए , वार्ड क्र. 34 क्षत्रिय समाज भवन के पास, सोनामनी नाका चिरमिरी में सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए 20.50 लाख रुपए, वार्ड क्र. 23 एसईसीएल पानी टंकी पास छोटा बाजार चिरमिरी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपए,वार्ड क्र.17 पुलिया के पास मोहन कॉलोनी हल्दीबाड़ी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20.50 लाख रुपए ,वार्ड क्र.13 बब्लू डे के घर के पास हल्दीबाड़ी चिरमिरी में भवन निर्माण के लिए 12.05 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

इसी प्रकार वार्ड क्र. 39 गिरिडीह दफाई के पास डोमनहिल चिरमिरी में भवन निर्माण के लिए 12.05 लाख रुपए , वार्ड क्र.37 दुर्गा पंडाल के सामने डोमनहिल चिरमिरी में बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 11.65 लाख रुपए ,वार्ड क्र. 39 संकट मोचन मंदिर के पास डोमनहिल चिरमिरी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20.50 लाख रुपए, वार्ड क्र. 21 मारिया स्कूल के पास छोटा बाजार चिरमिरी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20.50 लाख रुपए , वार्ड क्र. 35 टैक्सी स्टैंड के पास डोमनहिल चिरमिरी में उद्यान का सौंदर्यीकरण कार्य 22.31 लाख रुपए, वार्ड क्र. 20 सुलभ शौचालय के पास छोटा बाजार चिरमिरी में अतिरिक्त हॉल निर्माण के लिए 12.05 लाख रुपए , वार्ड क्र. 20 लाहिड़ी कॉलेज के सामने छोटा बाजार चिरमिरी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20.50 लाख रुपए , वार्ड क्र. 07 सुलभ कॉम्पलेक्स के सामने कोरिया कॉलरी चिरमिरी में सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 12.05 लाख रुपए, वार्ड क्र.13 रेल्वे स्टेशन शिव मंदिर के पास हल्दीबाड़ी चिरमिरी में शेड निर्माण के लिए 5.55 लाख रुपए , वार्ड क्र. 20 दलगंजन दफाई छोटा बाजार चिरमिरी में पार्क निर्माण के लिए 25.44 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

वार्ड क्र.07 फुटबॉल ग्राउंड के पास कोरिया कॉलरी चिरमिरी में शेड निर्माण के लिए 5.55 लाख रुपए, वार्ड क्र. 07 मित्तल के घर के पास कोरिया कॉलरी चिरमिरी में शेड निर्माण 5.55 लाख रुपए, वार्ड क्र. 40 टैक्सी स्टैंड के पास डोमनहिल चिरमिरी में शेड निर्माण के लिए 15.22 लाख रुपए , वार्ड क्र. 20 गौरव भैया के घर के पास छोटा बाजार चिरमिरी में सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 12.05 लाख रुपए, वार्ड क्र.13 शा.उ.मा.विद्यालय हल्दीबाड़ी के पास अतिरिक्त कक्ष का निर्माण के लिए 12.05 लाख रुपए ,वार्ड क्र.18 मीना के घर के पास ईटा भट्टा दफाई हल्दीबाडी में सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपए, वार्ड क्र.नोहर साय के घर के पास से तुर्रा तक हल्दीबाड़ी चिरमिरी में सी0सी0 नाली निर्माण के लिए 3.99 लाख रुपए , वार्ड क्र. 18 जिम हॉल के पास हल्दीबाड़ी चिरमिरी में सी0सी0 नाली निर्माण के लिए 4.46 लाख रुपए,वार्ड क्र.18 इन्द्रजीत के घर के पास से कृष्णा यादव के घर तक हल्दीबाड़ी चिरमिरी में नाली एवं रिटेनिंगवाल निर्माण के लिए 30.64 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसी प्रकार वार्ड क्र.18 ईटा भट्टा दफाई हल्दीबाड़ी में सी0सी0 रोड निर्माण के लिए 10.89 लाख रुपए, वार्ड क्र.18 महेश यादव के घर के पास से संतोष लहरे के घर तक हल्दीबाड़ी चिरमिरी में पेवर ब्लॉक फिक्सिंग कार्य के लिए 8.43 लाख रुपए, वार्ड क्र.11 हल्दीबाड़ी में छठघाट का सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 15.51 लाख रुपए , वार्ड क्र. 01 से 40 तक नगरपालिक निगम चिरमिरी क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थलों में स्ट्रीट लाईट स्थापना कार्य के लिए 11.59 लाख रुपए, वार्ड क्र.15 हल्दीबाड़ी चिरमिरी में शहीद राजेश पटेल स्मारक का सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 19.99 लाख रुपए, वार्ड क्र.12 शिव मंदिर टैक्सी स्टैण्ड के पास महुआ दफाई हल्दीबाड़ी में अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं नवीनीकरण कार्य के लिए 9.14 लाख रुपए, वार्ड क्र.13 शिव मंदिर के पास हल्दीबाड़ी चिरमिरी में शेड निर्माण के लिए 10.35 लाख रुपए, वार्ड क्र.18 ब्राम्हण समाज के पास हल्दीबाड़ी चिरमिरी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10.42 लाख रुपए ,वार्ड क्र. 35 शनि मंदिर के पास डोमनहिल चिरमिरी में आर0सी0सी0 चबूतरा निर्माण के लिए 3 लाख रुपए, वार्ड क्र. 39 छठ घाट के पास डोमनहिल चिरमिरी में सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 20 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

# बाढ़ में फंसे दूल्हा-दुल्हन

## बारातियों ने कांधे पर बैठाकर कराया पार, गांव में पुल नहीं, छात्र नहीं जा पाते स्कूल



**मीडिया ऑडीटर, बलौदाबाजार एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में मंगलवार को मूसलाधार बारिश के बीच नाले में बाढ़ आ गई, जिससे दूल्हा-दुल्हन को कांधे और गोद पर उठाकर पार कराया गया। बताया जा रहा है कि जब बारात गई थी, तो नाला सूखा था, लेकिन लौटते वक्त नाला उफान पर था। पूरा मामला पलारी ब्लॉक के ग्राम मल्लीन का है। दरअसल, मल्लीन गांव के रहने वाले रुपेश साहू (22) और भारती साहू (20) की लव मैरिज हुई है। विदाई के बाद बारात वापस लौट रही थी। इस दौरान यह नजारा देखने को मिला। बारातियों ने दूल्हे को कांधे पर उठाकर पार कराते नजर आ रहे हैं।

**बाढ़ में फंसे दूल्हा-दुल्हन:** बारातियों ने बताया कि मल्लीन गांव के नालापारा से पुरानी बस्ती बारात गई थी। घर में रस्मों-रिवाज के साथ शादी पूरी हुई। शादी के बाद गांव में जोरदार बारिश हुई। बारिश बंद होने के बाद वह पुरानी बस्ती से नालापारा जा रहे थे, तभी बाढ़ में फंस गए।

**दोस्तों ने दूल्हे को कांधे पर बैठाया:** बारातियों ने बताया कि कार नाले को पार नहीं कर सकी। ऐसे में वह दोस्तों के साथ मिलकर दूल्हे को कांधे पर बैठाया। इसके बाद घुटने भर से ज्यादा बाढ़ को पार कराया। वहीं दुल्हन को एक महिला गोद में लेकर पार नाले को पार कराई।

**मल्लीन गांव दो भागों में बटा:** इस दौरान दूल्हा दुल्हन ने बताया कि मल्लीन गांव विकास के लिए कई साल से तरस रहा है। गांव में करीब 204 घर हैं। यहां करीब 1 हजार 347 लोग निवास करते हैं। ग्राम पंचायत मल्लीन को दो भागों में बांटा गया है।

**20 घर के करीब 125 लोग बदहाली में जीवन काट रहे:** इसमें पहला मल्लीन नाला और दूसरा नाला पारा। मल्लनी नाला इलाके में स्कूल, आंगनबाड़ी, राशन दुकान, आवश्यक सामानों की दुकान और सामुदायिक भवन जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। वहीं दूसरे भाग में नाला पारा सारी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। नाला पारा के 20 घर के करीब 125 लोग बदहाली में जीवन काटते हैं।

**छात्र नहीं जा पाते हैं स्कूल:** दूल्हा दुल्हन ने बताया कि 40 स्कूली बच्चे और आंगनवाड़ी वाले 8 बच्चों को आने-जाने में समस्याएं होती है। पानी घुटनों तक हो तो किसी तरह नाले में बने चैक डेम या अभिभावक कंधों पर बैठाकर बच्चों नाला पार करा लेते हैं, लेकिन उससे ज्यादा होने पर बच्चों का स्कूल जाना बंद हो जाता है।

**अंतिम संस्कार करना टेढ़ी खीर:** वहीं मोहल्ले के निवासी जनक राम, चिंताराम, धरम सिंह ध्रुव, रवि साहू, दादू राम, रश्मि साहू, हीरालाल, बिहारी, पाहरू साहू ने बताया कि एंबुलेंस तो दूर डॉक्टर भी मरीज तक नहीं पहुंच पाते। परेशानियां केवल जीते जी ही नहीं मरने के बाद भी बनी रहती है। बारिश में अंतिम संस्कार करना टेढ़ी खीर बन जाती है।

## गेवरा-पेंड्रा रेल कॉरिडोर का विरोध

**मीडिया ऑडीटर, कोरबा निप्र।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में कृष्णा नगर दीपका वार्ड के सैकड़ों लोगों ने सुभाष चौक में धरना के बाद रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि गेवरा-पेंड्रा रेल कॉरिडोर परियोजना से दीपका के वार्ड 7 कृष्णा नगर वासियों के लिए खतरा मंडरा रहा है।

इस रेल पथ के प्रस्ताव आने के बाद से ही विरोध हो रहा है, क्योंकि कृष्णा नगर चारों दिशाओं से रेल लाइन, कोयला सड़क, वाशरी से घिर रहा है। जिससे यहां के रहवासियों को आवागमन के साथ ही प्रदूषण की समस्याओं से जीना दूभर हो जाएगा।

**42 मकानों का अधिग्रहण:** पहले ही यहां के 42 मकानों का अधिग्रहण किया जा चुका है और बस्ती से रेल लाइन गुजरने से अन्य 140 मकान में रहने वाले 3000 से ज्यादा की आबादी प्रभावित होगी। अन्य स्थान पर पुनर्वास की मांग को लेकर आवेदन करते थक चुके लोगों ने आंदोलन का रास्ता चुना।

# लड़कियों ने लात-घूंसों से लड़के को पीटा

## मेले में कॉलर पकड़कर दी गालियां, बोलीं- वायरल किया था हमारा वीडियो





**मीडिया ऑडीटर, कोरबा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में 5-6 लड़कियों ने मंगलवार देर शाम मेले में एक लड़के की जमकर पिटाई कर दी। गालियां देते हुए लड़के को लात-घूंसे, थप्पड़ मारे, कॉल पकड़कर घसीटा और उसके कपड़े फाड़ दिए। आरोप है कि युवक ने लड़कियों का वीडियो बनाकर वायरल किया था। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित घंटाघर चौपाटी में लगे कनकी मेले का है। बताया जा रहा है कि, बालको इलाके की रहने वाली लड़कियां कुछ दिन पहले आपस में लड़ रही थीं। युवक ने उनका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया था। इसके बाद से ही लड़कियां काफी गुस्से में थीं।

**कॉल करने पर उठा नहीं रहा था युवक:** बताया जा रहा है कि वीडियो वायरल होने के बाद आरोपी लड़के को लड़कियां ढूंढ रही थी। लड़कियों ने कई बार उसे कॉल भी किया, लेकिन वह रिसीव नहीं कर रहा था। इस बीच लड़का मंगलवार देर शाम ओपन थिएटर में लगे मेले में घूमता हुआ लड़कियों को मिल गया।

**युवतियों ने लात-घूंसे और थप्पड़ से पीटा:** मेले में लड़कियों ने लड़के को पहचान कर पकड़ लिया। लड़कियों ने उससे पूछा कि वीडियो क्यों वायरल किया, कॉल क्यों नहीं रिसीव कर रहा था। इतना बोलते हुए लड़कियों ने गालियां देना शुरू कर दिया। फिर लात-घूंसे, थप्पड़ मारे, गला दबाने की कोशिश की। इस दौरान युवतियों ने युवक से वीडियो वायरल क्यों किया और फोन क्यों नहीं उठा रहा था कहकर लात-घूसे और थप्पड़ से पीटना शुरू कर दिया। यह देखकर मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। इसका वीडियो भी सामने आया है। इसमें एक युवक कहता सुनाई दे रहा है कि, लड़के को पीटने से बचाइये। पुलिस को बुला लीजिए, लेकिन लड़कियां पीटते जा रही हैं।

**युवतियों का वीडियो बनाया था, इसलिए पीटा:** मेले में मौजूद लोगों ने युवतियों से पीटने का कारण पूछा। इस पर लड़कियों ने कहा कि, युवक ने फेमस होने के लिए उनका वीडियो बनाया था, इसलिए पीटा है। मेले में यह ड्रामा करीब आधे घंटे तक चलता रहा। सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची इसके बाद लड़के को युवतियों से छुड़ाया गया।

**पुलिस दोनों पक्षों के खिलाफ कर रही कार्रवाई:** कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जहां घटनाक्रम की जानकारी लेकर दोनों की शिकायत पर एक दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। युवक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। वहीं साथ ही युवक की शिकायत पर युवतियों के खिलाफ भी पुलिस ने कार्रवाई की है।

# किसान अब 16 अगस्त 2024 तक करा सकेंगे फसल बीमा

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ के ऋणी और अऋणी किसान अब 16 अगस्त 2024 तक खरीफ कृषि फसल एवं मौसम आधारित उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार के प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार ने फसल बीमा कराये जाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 से बढ़ा कर अब 16 अगस्त 2024 तक कर दिया है। प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से किसानों को राहत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा पुनर्गठित मौसम आधारित उद्यानिकी फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कृषि विभाग के अधिकारियों को प्रधानमंत्री फसल बीमा एवं मौसम आधारित उद्यानिकी फसलों के बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए राज्य के ऋणी और अऋणी किसानों को मार्गदर्शन देने तथा उनका पंजीयन कराने को कहा है, ताकि प्राकृतिक आपदा से फसल नुकसान होने पर उन्हें क्षतिपूर्ति मिल सके। राज्य में कृषि विभाग द्वारा खरीफ वर्ष 2024 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा के लिए जारी अधिसूचना के अनुसार योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को पंजीयन कराना जरूरी है। इसके लिए पूर्व में अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित की गई थी। राज्य सरकार के विशेष प्रयासों से केन्द्र सरकार ने फसल बीमा की अवधि का बढ़ा कर 16 अगस्त 2024 कर दिया है। राज्य के किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत धान सिंचित, असिंचित, मूंगफली, मक्का, मूंग, उड़द,कोदो-कुटकी, रागी सोयाबीन एवं अरहर फसल का बीमा करा सकते है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत् प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले फसल नुकसान की क्षतिपूर्ति होती है। योजना में ऋणी और अऋणी किसान जो भू-धारक व बटाईदार हो शामिल हो सकते है। ऐसे किसान जो अधिसूचित ग्राम में अधिसूचित फसल के लिए बीमा कराना चाहते हैं, वे नियत तिथि 16 अगस्त के पूर्व अपना फसल बीमा करा सकते है। इसके लिए किसान अपना आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका, बी.1. पंचशाला खसरा, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं बोनी प्रमाण पत्र के साथ पंजीयन कराना होगा। किसान बैंक अथवा च्वाईस सेंटरों के माध्यम से भी फसल बीमा करा सकते है।

# देवभोग में सरपंच समेत ग्रामीण भूख हड़ताल पर बैठे

## नदी पर डायवर्सन सड़क की मांग, कहा- प्रशासन आश्वासन देकर भूल जाता है

**मीडिया ऑडीटर, गरियाबंद एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के अमलीपदर में सरपंच समेत ग्रामीण भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। सुखतेल नदी पर 7 करोड़ की लागत से बन रहे पूल का काम अधर में लटका हुआ है। पुराना रपटा जर्जर हो गया था। मजबूरी में आवाजाही करने वाले लोग आए दिन हादसे का शिकार हो रहे थे।



इसी रपटे पर डायवर्सन सड़क की मांग को लेकर 7 दिन पहले अमलीपदर सरपंच सेवन सिंह पुजारी ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल की चेतावनी दी थी। मौके पर सेतु शाखा के एसडीओ संतोष कुमार पंडोले खड़े होकर काम करवा रहे हैं। लेकिन हड़ताल पर बैठे ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन आश्वासन देकर छलावा करती है। इसलिए क्षतिग्रस्त रपटे को आवाजाही लायक बनाने तक भूख हड़ताल जारी रखेंगे।

**इसलिए जारी है प्रदर्शन:** एक दिन पहले यानी 6 अगस्त को क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव सैकड़ों ग्रामीणों के साथ नदी तट पर एकत्र हुए थे। जिला प्रशासन के निर्देश पर सेतु विभाग के एसडीओ भी पहुंचे। बंद पड़े पुलिया और जर्जर रपटे के 3 फीट नीचे बना दिए गए अनुपयोगी डायवर्सन सड़क को लेकर ग्रामीण और अफसर के बीच तीखी बहस भी हुई।

**बुधवार सुबह से काम शुरू किया:** आक्रोश के बावजूद एसडीओ ने फंड का अभाव बताकर डायवर्सन मार्ग बनाने में अक्षमता जाहिर कर दिया था। लेकिन आज सुबह से काम शुरू कर दिया गया है। प्रदर्शन कर रहे सरपंच सेवन पुजारी ने कहा कि प्रशासन आश्वासन देकर अपने वादे भूल जाती है। इसलिए जब तक काम नहीं होता तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। नदी किनारे सरपंच अपने समर्थकों के साथ भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं।

**ग्रामीणों को मनाने में जुटा प्रशासन:** अमलीपदर रपटा के जिस छोर पर सरपंच अपने समर्थकों के साथ प्रदर्शन में जुटे हुए हैं, वहां पुलिस समेत राजस्व के अफसर भी पहुंच गए हैं।

## जिले में अब तक 598.1 मिमी औसत वर्षा की गयी दर्ज

**एमसीबी निप्र।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी -भरतपुर जिले में 01 जून से 06 अगस्त तक 598.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 702.2 मिमी मनेन्द्रगढ़ तहसील में तथा न्यूनतम 452.4 मिमी कोटाडोल तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील केल्हारी में 648.2 मिमी, तहसील चिरमिरी में 632.6 मिमी, तहसील खड़गवां में 547.1 मिमी, तहसील भरतपुर में 606.3 मिमी तथा तहसील कोटाडोल में 452.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# समय सीमा की बैठक सम्पन्न

## जिला अधिकारी जन सरोकार के मुद्दों का समय पर करें निराकरण: अपर कलेक्टर

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** कलेक्टर डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसार पर अपर कलेक्टर अनिल सिदार ने आज जिला कार्यालय सभा कक्ष में समय-सीमा की बैठक में जिला अधिकारियों के कार्यों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने समस्त विभाग से हाई कोर्ट से लंबित प्रकरण, विभागीय महत्वपूर्ण पत्रों, मुख्य सचिव की वीसी की जानकारी, पिछले शिविर के लंबित मुद्दे, डीएमएफ कार्यों की प्रगति, आगामी बैठक में शामिल होने वाले प्रस्तावों की जानकारी, जन शिकायत, जन चौपाल, पीएम पोर्टल की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जिला अधिकारी जन और सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों से जुड़कर गरीब, किसान, मजदुर तथा जरूरतमंदों के समस्याओं का निराकरण समय सीमा पर करें।






अपर कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यालय के लिए भूमि आबंटन की कार्यवाही लंबित है उन्होंने जिला अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे नियमानुसार भूमि का चिन्हांकन, नक्शा, खसरा तथा चौहदी तैयार कर प्रकरण दर्ज कराये। जिससे विभागों को भूमि आबंटन की कार्यवाही पूर्ण की जा सके। उन्होंने समस्त विभागों को जेम पोर्टल से सामग्री खरीदने हेतु रजिस्ट्रेशन की स्थिति जांच कर यथास्थिति से विभागों को अवगत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने डीएमएफ मद से जो आवश्यक कार्य उनके प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। उन्होंने शासकीय सेवा से अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त, मृत होने वाले अधिकारी, कर्मचारियों के पेंशन, लंबित पेंशन एवं सामान्य भविष्य निधि के प्रकरणों का शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर पंचायतों में कचरा कलेक्शन के बाद सॉलिड एवं लिक्विड मैनेजेंट के तहत की जाने वाली कार्यवाही की जानकारी एक पेज में देने के निर्देश दिये। नगर पालिका सीएमओ मनेंद्रगढ़ तथा नगर पंचायत खोंगापानी को आवारा मवेशियों के पालकों पर जुर्माना वसूल करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी नगर पंचायत, नगर पालिका एवं नगर निगम में वार्डवार आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविरों में आने वाले आवेदनों की जानकारी लेते हुए आवेदनों को यथाशीघ्र निराकरण करते हुए गूगल शीट में अपलोड करने के निर्देश दिये।

इस दौरान एसडीएम प्रवीण कुमार भगत, लिंगराज सिदार, विजयेंद्र सारथी, सर्व तहसीलदार, सर्व जनपद सीईओ, सर्व नगर पंचायत सीएमओ सहित जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा सहित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर भाजपा कोरिया की तैयारी पूर्ण

**मीडिया ऑडीटर, बैकुंठपुर कोरिया निप्र।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने हमेशा की तरह गणतंत्र दिवस सहित स्वतंत्रता दिवस से पूर्व देश का गौरव प्रतीक तिरंगे को हर घर और जन तक पहुंचाने और सभी में देशभक्ति की भावना को जागृत रखने इस अभियान की शुरुआत की गई थी । जिसके बाद हर वर्ष समय समय पर भाजपा द्वारा ऐसे आयोजनों पर विशेष तैयारियों के साथ पूरे जोश और उत्साह पूर्वक ऐसे कार्यक्रमों को सफल बनाने भागीदारी निभाई जाती रही । जिस तारतम्य में 15 अगस्त 2024 के अवसर पर केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान और प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देश पर कोरिया जिले अंतर्गत भाजपा कार्यालय बैकुंठपुर में बैठक आयोजित की गई । बैठक का मंच संचालन जिला महामंत्री पंकज गुप्ता के द्वारा किया गया । बैठक में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने 11 से 14 - 13 से 15 सहित आगामी समस्त गतिविधियों पर नगर , शहर ,वार्ड, बूथ सहित पंचायत स्तर पर समिति और टोलियां बनाकर आयोजनों को सफल बनाने दिशा निर्देश दिया गया जिसमे मुख्य रूप से आगामी आयोजन में 11 से 14 अगस्त तिरंगा यात्रा युवा मोर्चा के द्वारा निकाला जाना तय हुआ । 13 से 15 अगस्त तक भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलेवासियों और बच्चों के साथ प्रत्येक घर और व्यावसायिक केंद्रों में तिरंगा फहराने की भागीदारी सुनिश्चित की । 12 से 14 अगस्त महापुरुषों की प्रतिमा और स्मारकों के आसपास स्वच्छता कार्यक्रम और 13 से 15 अगस्त महापुरुषों और वीर सपूतों की प्रतिमाओं स्मारकों पर माल्यार्पण कार्यक्रम पर जिला अध्यक्ष ने जिम्मेदारी तय की । इसी तरह भारत का विभाजन तथा अभूतपूर्व मानव विस्थापन और पलायन की दर्दनाक दास्तान पर संगोष्ठी करते हुए 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एक काला अध्याय जिसे देशवासियों को याद दिलाने और लाखों की संख्या में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने स्मरण कराया गया ।

# राज्यसभा की 12 सीटों के लिए 3 सितंबर को चुनाव

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राज्यसभा की 12 खाली सीटों के लिए 3 सितंबर को चुनाव होगा। चुनाव आयोग ने बुधवार को इसका ऐलान किया है। इन 12 सीटों में 2-2 सीटें असम, बिहार, महाराष्ट्र की हैं, जबकि 1-1 सीट हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, तेलंगाना और ओडिशा की है। चुनाव के नतीजे 3 सितंबर शाम 5 बजे सामने आएंगे। राज्यसभा में सांसदों की कुल संख्या 245 है। फिलहाल राज्यसभा में 225 सांसद हैं, जबकि 20 सीटें खाली हैं। लिहाजा बहुमत का आंकड़ा 114 है। खाली सीट में जम्मू-कश्मीर से 4 और नामित सदस्यों की 4 सीटें हैं। इन सीट्स को छोड़कर बाकी 12 सीट पर चुनाव होगा। राज्यसभा में भाजपा के पास 86 सीटें और सहयोगी दलों को मिलाकर यानी एनडीए के पास 101 सीटें हैं। एनडीए की बहुमत के आंकड़े से 13 सीटें कम हैं। वहीं ढ्ढ.हृ.ष्ठ.ढ्ढ. गुट के पास 87 सीटें हैं। इंडिया ब्लॉक और एनडीए के इतर पार्टियों के पास 28 सीटें हैं। राज्यसभा में बहुमत का आंकड़ा 114 है। एनडीए के पास जो 101 सीटें हैं, वह बहुमत के आंकड़े से 13 सीटें कम हैं। इस लिहाज से देखें तो सरकार को बिल पास कराने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। 13 जुलाई को राज्यसभा में पार्टी के 4 मनोनीत सदस्य सेवानिवृत्त हो गए। इसके चलते चार साल बाद राज्यसभा में भाजपा की स्ट्रेंथ 90 से नीचे से चली गई है। राज्यसभा में भाजपा 10 साल में 55 से 101 तक पहुंच गई। भाजपा के 2014 में 55 और 2019 में 78 सांसद थे। जून 2020 में यह संख्या 90 हो गई। इसके बाद पार्टी ने 11 सीटें जीतीं। इससे सदस्यों की संख्या 101 तक पहुंच गई। 1990 के ऐसा पहली बार हुआ था, जब किसी पार्टी ने 100 का आंकड़ा पार किया था।

# पहली बार रूसी क्षेत्र में घुसी यूक्रेनी सेना

## क्रेमलिन में हाहाकार; दोनों पक्षों में हो रहा भीषण युद्ध



**कीव ( एजेंसी )।** रूस-यूक्रेन युद्ध के करीब ढाई वर्ष हो चुके हैं। इस दौरान पहली बार अब यूक्रेन की सेना रूस में घुस गई है। इससे रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन में हलचल पैदा हो गई है। दोनों देशों की सेनाओं में सीमा क्षेत्र में पिछले 36 घंटे से भीषण युद्ध जारी है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने देश के दक्षिण-पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी घुसपैठ को 'बड़ा उकसावा' बताया है। क्रेमलिन के अधिकारियों ने कहा कि रूस दूसरे दिन सीमापार छापों का मुकाबला कर रहा है। वहीं यूक्रेन के अधिकारियों ने इस अभियान के दायरे पर चुप्पी साध रखी है।

यूक्रेन की सेना घुसपैठ के बाद रूस के असैन्य भवनों, आवासीय इमारतों, एंबुलेंसों पर विभिन्न प्रकार के हथियारों से अंधाधुंध गोलाबारी'' कर रही है। इसका दावा खुद पुतिन की ओर से किया गया है। यूक्रेन के आक्रामक हमले के बाद पुतिन ने अपने शीर्ष रक्षा एवं सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की है। इसके बाद उन्होंने यूक्रेनी सेना को मुंहतोड़ जवाब देने का निर्देश दिया है। उन्होंने मंत्रिमंडल को कुर्स्क क्षेत्र में सहायता के सिलसिले में तालमेल कायम करने का निर्देश दिया। यह लड़ाई मास्को से करीब 500 किलोमीटर की दूरी पर चल रही है।

**रूस ने 100 यूक्रेनी सैनिकों को ढेर करने का किया दावा:** रूसी समाचार एजेंसियों ने खबर दी है कि रूसी सेना प्रमुख वालेरी गेरासिमोव ने वीडियो लिंक के माध्यम से बैठक में हिस्सा लेते हुए पुतिन से कहा कि इस लड़ाई में करीब 100 यूक्रेनी सैनिक मारे गये हैं तथा 200 से अधिक घायल हुए हैं। रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाकारोवा ने एक बयान में कहा कि यूक्रेनी गोलाबारी में दो लोगों -- एक अर्धचिकित्साकर्मी एवं एक एंबुलेंस चालक-- की मौत हो गयी। वैसे रूसी दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करना संभव नहीं है। यह युद्ध का यह तीसरा साल है, उसमें दुष्प्रचार और मिथ्याप्रचार ने केंद्रीय भूमिका निभाई है।

इससे पहले कुर्स्क सीमावर्ती क्षेत्र के कार्यवाहक गवर्नर एलेक्सी स्मीरनोव ने भीषण लड़ाई के कारण बुधवार को लोगों से रक्तदान करने की अपील की थी। स्मीरनोव ने 'टेलीग्राम' ऐप पर लिखा था,'' पिछले 36 घंटे से हमारा क्षेत्र यूक्रेनी लड़ाकों के हमलों का डटकर मुकाबला कर रहा है।'

# हाईकोर्ट का ईडी से सवाल- केजरीवाल को फिर गिरफ्तार करेंगे



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** दिल्ली हाईकोर्ट में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत के खिलाफ बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने ईडी से पूछा कि क्या जांच एजेंसी दिल्ली के मुख्यमंत्री को दोबारा गिरफ्तार करना चाहती है। बार एंड बेंच के मुताबिक, ईडी से यह सवाल जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने किया है। उन्होंने कहा कि मैं असमंजस में हूं। आखिर आप करना क्या चाहते हैं? ईडी की ओर से पेश हुए वकील विवेक गुरनानी ने कोर्ट को बताया कि एसवी राजू दूसरे केस में व्यस्त हैं, इसलिए कोर्ट इस केस को कल या किसी और दिन सुनवाई कर ले। केजरीवाल की ओर से पेश हुए वकील विक्रम चौधरी ने कहा कि यह सरासर उत्पीड़न का मामला है। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल चुकी है। मामले की अगली सुनवाई 5 सितंबर को होगी। दरअसल, 20 जून को राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी। 21 जून को ईडी ने हाईकोर्ट में फैसले को चुनौती दी थी। 25 जून को इस पर सुनवाई हुई। ईडी ने तब हाईकोर्ट से कहा था कि ट्रायल कोर्ट ने हमारा पक्ष ठीक से नहीं सुना। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कहा- सही ढंग से बहस नहीं हुई थी, इसलिए राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले को रद्द करते हैं।

# अस्पताल के मालिक पर मानव तस्करी की एफआईआर

**दमोह ( एजेंसी )।** दमोह के सबसे बड़े प्राइवेट हॉस्पिटल के ऑनर डॉ. अजय लाल ह्यूमन ट्रैफिकिंग के केस में फंस गए। पुलिस सोमवार को उन्हें अरेस्ट करने घर में घुस गई, लेकिन डॉ. लाल नहीं मिले। इसके बाद मंगलवार रात करीब 12 बजे डॉ. लाल और उनसे जुड़े कई लोगों पर ह्यूमन ट्रैफिकिंग और जुवेनाइल जस्टिस केयर एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद डॉ. लाल की बेटी ने कहा- यहां माहौल खराब है। हम अमेरिका जाएंगे। इधर, आरोपी डॉक्टर अजय लाल को हाईकोर्ट ने राहत दी है। कोर्ट ने 9 अगस्त तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। डॉ. अजय लाल की आधारशिला संस्था के जरिए बाल भवन का संचालन किया जाता था, जिसमें अनाथ बच्चे रहते थे। करीब एक साल पहले राष्ट्रीय बाल आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने दमोह पुलिस को पत्र जारी किया था, जिसमें 18 साल पहले बाल भवन से अडॉप्ट किए गए दो बच्चों को लेकर ह्यूमन ट्रैफिकिंग की आशंका जताई थी। इसके बाद बाल भवन को बंद कर दिया गया। डॉ. अजय लाल का नर्सिंग कॉलेज भी है। मिशनरी से जुड़े कई बड़े पद उनके पास हैं। उनकी संस्था का नाम पहले मिड इंडिया क्रिश्चियन मिशन था, अब इसे बदलकर आधारशिला संस्थान कर दिया गया है।

# विनेश, आपने हमेशा देश को गौरवान्वित किया, पूरा देश आपकी ताकत बनकर आपके साथ खड़ा ह-राहुल गांधी





**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पहलवान विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक के फाइनल से पहले वजन अधिक होने के कारण अयोग्य करार दिए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए बुधवार को उम्मीद जताई कि भारतीय ओलंपिक संघ इस निर्णय को मजबूती से चुनौती देकर देश की बेटी को न्याय दिलाएगा।

विनेश फोगाट को महिलाओं की 50 किलोग्राम कुश्ती स्पर्धा के फाइनल से पहले वजन अधिक पाये जाने के कारण बुधवार को ओलंपिक से अयोग्य घोषित कर दिया गया। विनेश ने ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनकर इतिहास रचा था। उन्हें आज देर रात स्वर्ण पदक का मुकाबला खेलना था। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स% पर पोस्ट किया, ''विश्वविजेता पहलवानों को हरा कर फाइनल में पहुंचीं भारत की शान विनेश फोगाट का तकनीकी आधार पर अयोग्य घोषित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें पूरी उम्मीद है कि भारतीय ओलंपिक संघ इस निर्णय को मजबूती से चुनौती देकर देश की बेटी को न्याय दिलाएगा। उन्होंने कहा कि विनेश हिम्मत हारने वालों में से नहीं हैं तथा पूरा भरोसा है कि वह अखाड़े में और अधिक मजबूती से वापसी करेंगी। राहुल गांधी ने कहा, ''आपने हमेशा देश को गौरवान्वित किया है विनेश। आज भी पूरा देश आपकी ताक़त बनकर आपके साथ खड़ा है। कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने दावा किया कि विनेश का अयोग्य किया जाना बहुत बड़ा 'नफरती षड्यंत्र% है। सुरजेवाला ने 'एक्स% पर पोस्ट किया, ''140 करोड़ भारतवासी स्तब्ध हैं, खेल इतिहास का यह काला दिवस है। यह एक बहुत बड़ा नफरती षड्यंत्र है। उन्होंने दावा किया, ''पहले, कुश्ती संघ के अध्यक्ष, भाजपा के उस समय के (नरेन्द्र) मोदी जी के चहेते सांसद, बृजभूषण शरण सिंह ने देश की विश्व चैंपियन बेटी को शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना से सताया, फिर भाजपाइयों ने देश की इस बेटी को जंतर मंतर की सड़कों पर पुलिस से घिसटवाया, फिर मोदी सरकार ने इस बेटी पर प्राथमिकी दर्ज करवाई। विनेश ने फिर भी कभी साहस, शौर्य व धैर्य नहीं गंवाया।

# खेलमंत्री बोले-विनेश मामले में अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संघ में विरोध जताया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद के मानसून सत्र के 13वे दिन बुधवार को ओलिंपिक से विनेश फोगाट को डिस्क्वालिफाइ करने का मामले खेल मंत्री ने सरकार का पक्ष रखा। लोकसभा में खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा- विनेश को रेसलिंग के 50 किलोग्राम केटेगिरी में खेलना था। उनका वजन 50 किलोग्राम से 100 ग्राम ज्यादा पाया गया। इसलिए उन्हें अयोग्य करार दिया गया। भारत ने अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संघ से कड़ा विरोध दर्ज किया है। भारतीय ओलिंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा अभी पेरिस में हैं। प्रधानमंत्री ने उनसे बात करके उचित एक्शन लेने के लिए कहा है। विनेश मंगलवार 6 अगस्त को 3 मुकाबले जीतकर 50 किलोग्राम केटेगिरी की रेसलिंग के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला रेसलर बनी थीं। इससे पहले



लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने वायनाड त्रासदी का मुद्दा उठाया। राहुल बोले- मैं अपनी बहन प्रियंका के साथ वायनाड गया था। मैंने अपनी आंखों से वहां का दर्द और बर्बादी देखी है। दो किलोमीटर के इलाके में पूरी बर्बादी हुई। 400 से ज्यादा लोग मरे। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सेना ने राहत कार्य किए। अलग-अलग विचारधारा और कम्युनिटी के लोग एक-दूसरे की मदद के लिए आगे आए। यह बहुत बड़ी ट्रेजिडी है।

मैं सरकार से मांग करूंगा कि वायनाड के लोगों के पुनर्वास के लिए पैकेज दे और इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करें। मंगलवार (6 अगस्त) को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद के दोनों सदनों में बांग्लादेश के ताजा हालात पर बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि पड़ोसी देश राजनीतिक संकट से जूझ रहा है। वहां के हालात पर भारत सरकार की नजर है।

# बांग्लादेश की सियासी बिसातः हसीना और उनकी पार्टी के सफाए की हुई डील, सेना प्रमुख ने भारत समर्थक मेजर जनरल किया बर्खास्त

**ढाका ( एजेंसी )।** बांग्लादेश में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। सेना प्रमुख जनरल अरमान उल-हक ने सत्ता पर नियंत्रण लिया है। भारत समर्थक मेजर जनरल को बर्खास्त कर दिया गया है और अमेरिका समर्थक लेफ्टिनेंट जनरल को विदेश मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हसीना की पार्टी के मंत्रियों और बड़े नेताओं की गिरफ्तारी की जा रही है। सेना ने भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप में कई प्रमुख नेताओं को हिरासत में लिया है। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद आर्मी चीफ वकार उज जमां ने सत्ता पर शिकंजा कस लिया है। छात्रों के आरक्षण विरोधी आंदोलन की आग को भड़काने वाले बीएनपी और जमात के साथ आर्मी चीफ ने बड़ी डील की है। इसके तहत पूर्व पीएम हसीना की पार्टी अवामी लीग का सफाया करना है। अब तक हसीना सरकार के 10 मंत्री और अन्य कई बड़े नेताओं को अरेस्ट किया गया है। देश छोड़ने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे पूर्व विदेश मंत्री हसन महमूद और पूर्व टेलीकॉम मंत्री जुनेद अहमद को गिरफ्तार कर लिया गया।

# उद्धव बोले- बांग्लादेश में जनता की अदालत का फैसला हुआ

**मुंबई ( एजेंसी )।** उद्धव ठाकरे ने बुधवार (7 अगस्त) को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बांग्लादेश संकट पर बयान दिया। कल कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा था कि बांग्लादेश जैसी हिंसा भारत में भी हो सकती है। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद बने हालात पर विपक्ष केंद्र सरकार को घेर रहा है। शिवसेना (यूबीटी) चीफ उद्धव ठाकरे ने बुधवार, 7 अगस्त को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जनता की अदालत सबसे बड़ी है। सरकार को लोगों के धैर्य की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा करना केंद्र की जिम्मेदारी है। पीएम मोदी और अमित शाह को वहां जाना चाहिए। उधर, कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद के एक बयान पर भी विवाद हो रहा है। उन्होंने देर रात कहा कि बांग्लादेश में जो हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं, वे भारत में भी हो सकते हैं। बांग्लादेश में आरक्षण के विरोध में हिंसा हुई थी। इसके बाद 5 अगस्त को शेख हसीना ने अपनी बहन के साथ बांग्लादेश छोड़ दिया था। वे अभी भारत में हैं। बांग्लादेश में आंदोलन का नेतृत्व करने वाले स्टूडेंट्स की सिफारिश के बाद नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया गया है। उद्धव ने आगे कहा कि हमें देखना होगा कि दूसरे देशों में क्या हो रहा है।

# चुनाव आयोग का कल जम्मू-कश्मीर दौरा, जल्द चुनाव होंगे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग दो दिन का जम्मू-कश्मीर का दौरा करेगा। प्रतिनिधिमंडल गुरुवार (8 अगस्त) को श्रीनगर पहुंचेगा। सुबह 11ः15 बजे इलेक्शन कमीशन की क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पार्टियों के साथ मीटिंग होगी। उसके बाद पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक होगी। 9 अगस्त को दोपहर 2ः30 बजे इलेक्शन कमीशन एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा। इसी साल जून में चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा समेत जम्मू कश्मीर में वोटर लिस्ट अपडेट करने के आदेश जारी किए थे। इस काम को पूरा करने के लिए 20 अगस्त तक की डेडलाइन दी गई थी। दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र शासित प्रदेश में 30 सितंबर 2024 तक चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। साथ ही कोर्ट ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा भी जल्द वापस दिया जाए। 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 खत्म कर दिया गया था। साथ ही राज्य को 2 केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया गया था। साथ ही स्पष्ट किया गया था कि जम्मू-कश्मीर में दिल्ली और पुदुचेरी की तरह उपराज्यपाल का शासन होगा,

# नीतीश राज में अपराधियों को मिल रहा संरक्षण-तेजस्वी यादव

**पटना ( एजेंसी )।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने एक बार फिर बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में आपराधिक घटनाएं तो बढ़ी ही है, आप देख लीजिए 2021 में इंडिगो के मैनेजर रूपेश सिंह की हत्या हुई। उस हत्या के आरोपितों को कल कोर्ट ने बरी कर दिया। बिहार में पुलिस ठीक ढंग से काम नहीं कर रही है। तेजस्वी यादव ने कहा कि जांच-पड़ताल ढंग से नहीं हो पा रही है। अपराधियो का मनोबल बढ़ रहा है। सरकार अपराध पर चुप्पी साधे हुई है। उन्होंने कहा कि नीतीश राज में अपराधियों को संरक्षण मिल रहा है, नीतीश जी का इकबाल पूरी तरीके से खत्म हो चुका है। अपराध पर सरकार खामोश है। रेलवे में जमीन के बदले नौकरी मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनके खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किए जाने पर राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि इससे कुछ नहीं बदलेगा। हमें अदालत पर भरोसा है और हम शुरू से कह रहे हैं कि हमारा मामला मजबूत है और यह (आरोपपत्र) टिक नहीं पाएगा। यह महज औपचारिकता है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने 15 अगस्त से बिहार में यात्रा पर निकलने वाले है।

# किसानों की टेंशन दूर करेगी बिहार सरकार

**पटना ( एजेंसी )।** बिहार कृषि विभाग जंगली सुअरों और घोड़परास पर नियंत्रण को लेकर बड़ा अभियान चलाने जा रहा है। कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि राज्य के 34 जिलों में घोड़परास की कुल संख्या 2,95,866 तथा 30 जिलों में जंगली सूअर की संख्या 67,255 प्रतिवेदित हैं। घोड़परास झुण्ड में आकर फसलों को बर्बाद करते हैं तथा फसल को चर जाते हैं। साथ ही, फसलों को चबाकर एवं कुचलकर बर्बाद कर देते हैं। झाड़ी तथा फसलों यथा अरहर, गन्ना के खेतों में छिप जाते है तथा उन फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं।घोड़परास से बीज उत्पादन में भी काफी क्षति हो रही है। उन्होंने कहा कि वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग तथा गृह (पुलिस) विभाग के क्षेत्रीय पदाधिकारियों की एक संयुक्त बैठक आयोजित कर घोड़परास एवं जंगली सूअर की समस्या के समाधान की रणनीति तैयार की जा रही है। कृषि मंत्री ने बताया कि वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा सूचीबद्ध आखेटकों / शूटरों, सभी वन प्रमंडल पदाधिकारियों तथा घोड़परास और जंगली सूअर के चिन्हित जिलों में से प्रत्येक जिले के 10-10 मुखिया के साथ बैठक आयोजित कर इनकी संख्या को नियंत्रित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। बता दें कि आज यानी बुधवार को कृषि विभाग द्वारा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहयोग से सूचना भवन के संवाद कक्ष में कृषि विभाग के कार्यक्रम और उपलब्धि को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कृषि मंत्री मंगल पांडेय, सचिव कृषि विभाग संजय कुमार अग्रवाल, कृषि निदेशक मुकेश अग्रवाल मौजूद रहे। इस दौरान मंगल पांडेय ने बताया कि इस वर्ष धान का कुल आच्छादन (रोपाई ) 36.54 लाख हेक्टेयर, मक्का का 2.93 लाख हेक्टेयर, अरहर 0.56 लाख हेक्टेयर, मूंग 0.70 लाख हेक्टेयर जबकि मोटे अनाज में बाजरा का 0.15 लाख हेक्टेयर, ज्वार का 0.16 लाख हेक्टेयर, महुआ 0.29 लाख हेक्टेयर और अन्य दलहन का 0.11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# ओलिम्पिक पदक के सपने को पूरा करने में शरीर को चुकानी पड़ रही भारी कीमत–पाजोन

**पेरिस ( एजेंसी )।** ओलंपिक में पदक जीतने हर खिलाड़ी का सपना होता है और इसके लिए वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं पर कई बार इसकी उन्हें भारी कीमत भी चुकानी पड़ती है। ओलंपिक में खिलाड़ियों के चोटिल होने का आंकड़ा लगातार बढ़ा है। कोलम्बियाई मूल की मारियाना पाजोन दुनिया की सबसे कुशल बीएमएक्स. राइडर्स में से एक है और उसके नाम दो ओलंपिक स्वर्ण पदक सहित कई रिकार्ड हैं पर पाजोन ने इसे पाने के लिए काफी दर्द भी झेला है। उनके शरीर में 25 फ्रैक्चर हो चुके हैं। 12 जगह स्क्रू डाले गए हैं जबकि 8 बार सर्जरी हुई है। उनके बाएं हाथ और घुटने में कई धातु की रॉड डली हुई है। पाजोन का कहना है कि उसके जोड़ 80 से अधिक साल के व्यक्ति की तहर हो गये हैं जबकि उनकी उम्र केवल 32 साल ही है। पाजोन के अलावा, कुश्ती, रग्बी या जिमनास्टिक के कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिनके शरीर कठिन हालातों में है। कई खिलाड़ियों के कंधे टूट जाते हैं। उनके शरीर में धातु के स्क्रू और टाइटेनियम प्लेट्स डली हुई हैं। पाजोन ने कहा कि एक सपने को हासिल करने के लिए शरीर को कितनी कीमत



चुकानी पड़ती है ।वहीं टोक्यो में फ्रीस्टाइल कुश्ती 74 किलोग्राम में कांस्य पदक जीतने वाले अमरीकी काइल डेक ने कहा कि बहुत से एथलीट्स अपने शरीर को उस हाल तक ले जाते हैं जहां वह देखना चाहते हैं कि इससे आगे क्या होगा। इसी तरह जिम्नास्टिक में जोड़ों पर लगातार भारी दबाव पड़ता है। मुक्केबाजी में शरीर पर घूंसे मारे जाते हैं। कुश्ती में शरीर को मोड़कर चटाई पर पटक दिया जाता है। रग्बी सेवन्स में खिलाड़ी अक्सर पूरी गति से दौड़ते हुए एक–दूसरे से निपटते हैं। फील्ड हॉकी में स्टिक ऊंगलियों को इतनी जोर से कुचल सकती है कि इसे काटना तक पड़ सकता है। घुड़सवारी के खेल में घोड़ों से गिरने से सवारों के शरीर पर चोट लगती है। अमरीका के 44 वर्षीय बॉयड मार्टिन की 22 सर्जरी हुई हैं और 19 हड्डियां टूटी हैं। टोक्यो खेलों में रजत पदक जीतने वाले न्यूजीलैंड के 28 वर्षीय रग्बी सेवन्स खिलाड़ी एंड्रयू न्यूस्टब बताते हैं कि जब मैं सुबह उठता हूं तो मेरा शरीर वास्तव में दर्द करता है। मैं 2 ए.सी.एल. टूटने और अपने बाएं घुटने में संक्रमण पर काबू पाकर यहां पहुंचा हूं।

## साउथ अफ्रीका टी20 लीग से जुड़ेंगे दिनेश कार्तिक, ऐसा कीर्तिमान करने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने ऐसा कारनामा किया है जो अभी तक किसी भारतीय क्रिकेटर ने नहीं किया। दरअसल, कार्तिक दक्षिण अफ्रीका की मशहूर लीग एसए टी20 लीग में खेलते हुए दिखेंगे। आरसीबी से संन्यास लेने के बाद दिनेश कार्तिक एसए20 में पार्ल रॉयल्स के लिए खेलेंगे। इस दौरान उन्होंने एसए20 के तीसरे सत्र के लिए अनुबंध करार पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके साथ ही वह दक्षिण अफ्रीकी टी20 क्रिकेट लीग से जुड़ने वाले पहले भारतीय क्रिकेट बन गए हैं। आईपीएल में लंबे समय तक खेलने वाले 39 साल के कार्तिक ने इस साल जून में क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था और उन्हें आईपीएल टीम आरसीबी ने मेंटर सह बल्लेबाजी कोच के रूप में नियुक्त किया है। वहीं एसए20 से जुड़ने के बाद दिनेश कार्तिक ने कहा कि, दक्षिण अफ्रीका में खेलने और वहां जाने की मेरी बहुत सारी यादें हैं और जब ये अवसर आया तो मैं मना नहीं कर सका क्योंकि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापस आना और रॉयल्स के साथ इस अविश्वसनीय प्रतियोगिता को जीतना कितना खास होगा। साथ ही दिनेश कार्तिक ने एक्स पर लिखा, खिलाड़ी के तौर पर मैदान में फिर से वापसी कर रहा हूं। इस बार अफ्रीका में।

## बांग्लादेश में टी20 महिला विश्वकप के आयोजन पर संशय छाया

**ढ़ाका ( एजेंसी )।** बांग्लादेश में जारी हिंसा और बदलते हुए घटनाक्रम को देखते हुए अब अगले साल वहां टी20 विश्वकप का होना संभव नजर नहीं आ रहा है। शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद देश में अराजकता और लूटपाट का माहौल है। देश में अब सेना के साथ में सत्ता आ गयी है। इसको लेकर अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है पर जिस प्रकार के हालात है उसमें किसी भी देश के खिलाड़ी वहां का दौरा नहीं करना चाहेंगे। पिछले महीने श्रीलंका के कोलंबो में हुई आईसीसी की वार्षिक आम बैठक में बांग्लादेश में खराब माहौर को लेकर बात उठी थी। आईसीसी का कहना है कि स्थिति पर उसकी नजरें लगी हैं। अभी आयोजन में कई माह शेष हैं, ऐसे में अभी से कोई फैसला नहीं लिया जा सकता है। साथ ही कहा कि अगर ऐसे ही हालात रहे तो किसी अन्य स्थान पर विश्वकप का आयोजन होगा। अगर विश्वकप की मेजबानी नहीं मिलती है तो ये बांग्लादेश महिला क्रिकेट के लिए बड़ा झटका होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दस टीमों का महिला टूर्नामेंट तीन से 20अक्टूबर तक आयोजित होने वाला है। अब इसके लिए अन्य स्थलों को भी देखा जाएगा।

## दिनेश कार्तिक पार्ल रॉयल्स से जुड़े, एसए20 से जुड़ने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने

**नयी दिल्ली ( एजेंसी )।** पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को मंगलवार को पार्ल रॉयल्स ने एसए20 के तीसरे सत्र के लिए अनुबंधित किया जिससे वह अगले साल नौ जनवरी से शुरू होने वाली दक्षिण अफ्रीकी टी20 क्रिकेट लीग से जुड़ने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बन गए। आईपीएल में लंबे समय तक खेलने वाले 39 वर्षीय कार्तिक ने इस साल जून में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था और उन्हें आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने मेंटर (मार्गदर्शक) सह बल्लेबाजी कोच के रूप में नियुक्त किया है।

भारत के लिए तीनों प्रारूपों में 180 मैच खेलने वाले कार्तिक ने कहा, ''दक्षिण अफ्रीका में खेलने और वहां जाने की मेरी बहुत सारी यादें हैं और जब यह अवसर आया तो मैं मना नहीं कर सका क्योंकि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापस आना और रॉयल्स के साथ इस अविश्वसनीय प्रतियोगिता को जीतना कितना खास होगा।'' कार्तिक ने पिछला प्रतिस्पर्धी टी20 मैच आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिए खेला था। उन्होंने 2024 सत्र में 14 मैच



में 187.36 के स्ट्राइक रेट से 326 रन बनाए थे। कार्तिक ने भारत के लिए आखिरी मैच 2022 में ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 विश्व कप के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। एक दिन पहले लीग के दूत बनाए गए कार्तिक ने कहा, ''मैं पार्ल रॉयल्स टीम में शामिल होकर बहुत खुश हूं जिस टीम में काफी अनुभव, गुणवत्ता और क्षमता है। मैं निश्चित रूप से इस समूह में शामिल होने और एक रोमांचक सत्र में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं।

## एक कदम चलने के लिए विनोद कांबली को लेना पड़ रहा सहारा



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिससे उनके प्रशंसक उनकी सेहत को लेकर चिंतित हैं। वीडियो में कांबली को अपनी बाइक से उतरते और खुद चलने में असफल होते देखा जा सकता है। बाद में कुछ लोगों ने उसकी मदद की जो उसे एक स्थान में प्रवेश करने में सहायता करते हैं। जब से यह क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुई है, तब से क्रिकेटर के स्वास्थ्य और उनकी स्थिति पर व्यापक चिंताएं पैदा हो गई हैं। विनोद कांबली सचिन तेंदुलकर के बचपन से दोस्त रहे हैं। विशेष रूप से, कांबली ने 2022 में अपनी चिंताजनक वित्तीय स्थिति के बारे में बात की और खुलासा किया कि वह पूरी तरह से बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) की पेंशन पर निर्भर हैं जो उनके परिवार की देखभाल करती है। कांबली ने शारजाह में पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय मैच के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्होंने अपने करियर की शानदार शुरुआत की, इंग्लैंड के खिलाफ अपने दूसरे गेम में दोहरा शतक बनाया और बाद में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने तीसरे गेम में एक और दोहरा शतक बनाया। परिणामस्वरूप, वह टेस्ट में लगातार दो शतक बनाने वाले पहले भारतीय और कुल मिलाकर तीसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ अपने पहले सात टेस्ट मैचों में दो और शतक बनाए। हालाँकि, दक्षिणपूर्वी अपनी पिछली दस पारियों में अर्धशतक बनाने में असफल रहा, जिसमें तीन शून्य शामिल थे। वह अपने करियर में केवल 17 टेस्ट खेल सके और 54.20 की औसत से चार शतक और तीन अर्द्धशतक के साथ 1084 रन बनाए। वनडे में, मुंबई में जन्मे क्रिकेटर ने 104 मैच खेले और 97 पारियों में 32.59 के औसत और 71.94 के स्ट्राइक रेट से दो शतक और 14 अर्द्धशतक के साथ 2477 रन बनाए। उन्होंने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच अक्टूबर 2000 में शारजाह में श्रीलंका के खिलाफ खेला था और उन्हें कभी भी भारत के रंग में नहीं देखा गया।

## विनेश के अयोग्य घोषित होने से गुरु महावीर फोगाट भावुक हुए

**भिवानी ( एजेंसी )।** पेरिस ओलंपिक में वजन अधिक होने के कारण भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को फाइनल से ठीक पहले आयेग्य घोषित किये जाने से उनके गुरु महावीर प्रसाद की आंखों से आंसू आ गये। महावीर प्रसाद विनेश के ताऊ हैं। उन्होंने कहा कि अब विनेश साल 2028 में होने वाले ओलंपिक में उतरेगी। भारत के लिए पेरिस ओलंपिक से बुरी खबर है. ओलंपिक में कुश्ती के फाइनल में पहुंचने वाली महिला पहलवान विनेश का वजन सुबह कुछ ग्राम ज्यादा निकलने के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। विनेश ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनी थीं। उन्हें आज देर रात स्वर्ण पदक का मुकाबला खेलना था पर उससे ठीक पहले वजन लिये जाने के समय उनक वजन 100 ग्राम अधिक पाया गया। ऐसे में नियमों के अनुसार उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। गुरु को भरोसा था कि विनेश इस बार ओलंपिक में स्वर्ण जीतेगी पर वजन वर्ग में अयोग्य घोषित होने से उन्हें बड़ा झटका लगा है।

## स्वदेश लौटने पर मनु का हुआ भव्य स्वागत




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पेरिस ओलिंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर वापस लौटी महिला निशानेबाज मनु भाकर का स्वदेश पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ। दिल्ली एयरपोर्ट पर परिजनों के साथ ही उनके प्रशंसक भी भारी संख्या में मौजूद थे। इस दौरान मनु ने कहा कि लोगों का प्यार देखकर बेहद खुशी हुई है। वहीं उनके प्रशंसक भी जोश से भरे नजर आये। मनु ने पेरिस ओलंपिक की निशानेबाजी स्पर्धा में दो पदक जीते हैं। वह अब पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्हें ये सम्मान दो पदक जीतने के लिए दिया गया है।

मनु ने 10 मीटर एयर पिस्टल के बाद सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल में एक कांस्य पदक भी जीता है। भारतीय ओलंपिक संघ ने कहा कि आईओए अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा और मुख्य दल प्रतिनिधि गगन नारंग ने घोषणा की है कि निशानेबाज मनु भाकर समापन समारोह में भारत की ध्वजवाहक होंगी। वहीं पुरुष ध्वजवाहक का चयन बाद में किया जाएगा।

# आरसीबी जा सकते हैं राहुल

**मुम्बई ( एजेंसी )।** आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल अगले सत्र में किसी और टीम से खेलते हुए दिख सकते हैं। इसका कारण ये है कि राहुल और लखनऊ सुपर जायंट्स प्रबंधन में मतभेद गहरा गये हैं ।एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले सत्र में जिस प्रकार से फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका भड़के थे उससे राहुल नाराज हैं हालांकि इस बहस के बाद गोयनका ने राहुल को खाने पर बुलाया था और उनके बीच अच्छी बातचीत हुई थी। तब लगा था कि दोनों के बीच सब कुछ ठीक है पर ये बात गलत निकली। राहुल 2022 में टीम से जुड़े थे और तब से उन्होंने टीम को हर बार प्लेऑफ में पहुंचाया पर टीम । टूर्नामेंट के नॉकआउट स्तर तक नहीं पहुंच पायी।


पिछले सत्र में टीम अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही थी। वहीं अब एक रिपोर्ट के मुताबिक राहुल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से फिर जुड़ सकते हैं। फ्रेंचाइजी को भी एक ऐसे भारतीय खिलाड़ी की तलाश है, जो कप्तानी कर सके। आरसीबी आज तक आईपीएल नहीं जीत है। उसने विराट कोहली के बाद दक्षिण



अफ्रीका के फाफ डुप्लेसी को भी कप्तान बनाया पर उसकी एक न चली। ऐसे में अब वह राहुल को कप्तान बनाना चाहती है। 2022 में विराट ने लंबे समय के बाद आरसीबी की कप्तानी छोड़ी थी और उसके बाद डुप्लेसी टीम के नए कप्तान बने थे पर उनकी बढ़ती उम्र को देखते हुए प्रबंधन अब किसी युवा खिलाड़ी को कप्तानी देना चाहता है। 40 वर्षीय फाफ ज्यादा समय तक फ्रेंचाइजी का साथ नहीं सकते हैं। राहुल पहले भी टीम में रहे है जिससे प्रबंधन उनके बारे में अच्छी प्रकार से जानता है।

# हमेशा से ही पहले प्रयास में फिनिश करना चाहता था-नीरज

**पेरिस ( एजेंसी )।** भारत के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने पर खुशी जताते हुए कहा है कि उनका प्रयास एक ही शॉट में फिनिश करना रहता है। नीरज ने कहा कि वह हमेशा ही पहले प्रयास में फिनिश करना चाहते हैं हालांकि ये हमेशा ही काम नहीं आता। चोपड़ा ने ग्रुप बी क्वालीफिकेशन में अपने पहले ही प्रयास में 89.34 मीटर का थ्रो किया जो उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो उन्होंने 2022 में हासिल किया था। उन्होंने इस प्रदर्शन के बाद कहा, 'मैं पहले प्रयास में अच्छा करने की कोशिश करता हूं पर यह हमेशा प्रभावी नहीं होता।' उन्होंने कहा, 'ऐसा पहले भी हुआ है जब मेरा शुरुआती थ्रो अच्छा नहीं रहा है पर मैं पहले प्रयास में बेहतर करने की कोशिश करता हूं।' चोपड़ा के प्रदर्शन ने उनकी चोट को लेकर चिंताओं को भी दूर कर दिया। उन्होंने कहा कि वह गुरुवार को होने वाले फाइनल को लेकर बेहतर हालत में थी। इस खिलाड़ी ने कहा, 'मैं अब बेहतर हूं। मैं फाइनल पर ध्यान केंद्रित करूंगा। मैं इसे ध्यान में रखने और ठीक से अभ्यास करने की कोशिश कर रहा हूं। मैं अब बेहतर महसूस कर रहा हूं। मैं



फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा।' चोपड़ा ने स्वीकार किया कि फाइनल में चुनौती पूरी तरह से अलग होगी। उन्होंने कहा, 'फाइनल में हर किसी की मानसिकता अलग होती है। हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हमने अच्छी शुरुआत की है और हम फाइनल के लिए जितना बेहतर तैयार होंगे, उतना बेहतर होगा।' उन्होंने कहा, 'मैं बहुत आश्वस्त हूं और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित हूं। मैं फाइनल के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ बचाने की कोशिश कर रहा हूं। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं और बेहतर तैयारी के साथ आने की कोशिश करूंगा।'

# तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास राज्यमंत्री ने किया सतना आईटीआई का निरीक्षण

## जिला मुख्यालय के आईटीआई के नवीन भवन हेतु प्रस्ताव भेजने दिये निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** राज्य शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री टेटवाल गौतम बुधवार को सतना जिले के प्रवास के दौरान सतना जिला मुख्यालय की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्था के नवीन भवन हेतु राज्य शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य आईटीआई सतना बीडी तिवारी, प्राचार्य उचेहरा राकेश गौतम, आईटीआई के अनुदेशकगण विजय तिवारी, पार्षद सूर्यपाल सिंह सहित प्रशिक्षु छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।






कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री टेटवाल ने कहा कि सतना जिले की सबसे पुरानी स्थापना की संस्था होने के फलस्वरूप यहां भवन की कमी है। उन्होंने आईटीआई के विभिन्न ट्रेडो टर्नर, मशीनिष्ट, फिटर, इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के प्रायोगिक कक्ष (कर्मशाला) में जाकर मशीनों का अवलोकन किया और प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं से बातचीत कर जानकारी ली। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि राज्य शासन अब चिन्हित टेऊडों के अलावा पारंपरिक व्यवसाय के उद्योग धंधों, ड्राईक्लीनर, ब्यूटीशियन सहित विभिन्न ट्रेडों के प्रशिक्षण आईटीआई में देने का प्रयास कर रहा है। राज्यमंत्री ने आईटीआई के अप्रेन्टिशिप और प्लेसमेंट सेल का भी निरीक्षण किया और प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं के प्लेसमेंट के बारे में जानकारी ली। प्राचार्य आईटीआई ने बताया कि 1963-64 में स्थापित इस आईटीआई में भवन की कमी है। आईटीआई में 16 ट्रेड मिलाकर भवन के लिए 29 करोड रूपये का भवन निर्माण का डीपीआर प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया है। राज्यमंत्री टेटवाल ने कहा कि इस प्रस्ताव में छात्रावास भवन भी शामिल कर भवन प्रस्ताव भेजें जिसे राज्य शासन से स्वीकृति कराने के प्रयास किये जायेंगे। निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री ने आईटीआई सतना के प्रांगण की वाटिका में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौध रोपण भी किया।

**भोपाल में बन रहा एषिया का सबसे बडा आईटीआई:** तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि भोपाल में ग्लोबल पार्क के रूप में एशिया का सबसे बडा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बनाया जा रहा है। लगभग 1570 करोड रूपये की लागत खर्च हो चुकी है। यहां एयरोप्लेन, एसी टेऊन इंजन से लेकर सभी मशीनों के पार्ट बनाये जायेंगे। सिंगापुर से सीएनसी मशीन भी आ चुकी है। संस्थान में 6000 सीटों पर आईटीआई पास, बीई, बी टेक पास बच्चों का एडमिशन किया जायेगा। लगभग 4 हजार सीटर आडिटोरियम भी बन रहा है। संस्थान का नाम संत रविदास जी महाराज के नाम पर किया गया है। राज्य शासन ने तय किया है कि इस संस्था के माध्यम से युवाओं को हर चीज बनानी सिखाई जायेगी। जापान के सहयोग से नई-नई तकनीकों के अलावा गांवों के स्वदेशी और पारंपरिक काम धंधों के प्रशिक्षण को भी प्राथमिकता दी जायेगी। ब्यूटी पार्लर, सैलून अन्य ग्रामीण व्यवसाय के अलावा वैदिक पाठशाला में पुजारी की ट्रेनिग भी होगी।

## जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के शिविर का आयोजन 8 को

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अमरपाटन के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि जिले के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को जिनके द्वारा वितरण केन्द्र स्तर पर गलत विद्युत देयकों के सुधार अथवा मीटर आदि से संबंधित शिकायतें की गई हो और उनका निराकरण लंबित होने पर उपभोक्ता लंबित शिकायतों के निराकरण के लिए अध्यक्ष जिला स्तरीय विद्युत शिकायत निवारण फोरम द्वारा शिविर का आयोजन प्रत्येक माह के द्वितीय सप्ताह के बुधवार को कार्यालय अधीक्षण अभियंता के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक उपस्थित होकर अपना अभ्यावेदन 3 प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। विद्युत उपभोक्ता अपनी शिकायत के साथ उपस्थित होकर शिकायत का निराकरण करवा सकते हैं।

# कलेक्टर द्वारा समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिये निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मैहर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड ने बुधवार को सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एसडीएम मैहर विकाश सिंह, अमरपाटन आरती यादव, रामनगर डॉ आरती सिंह, डीपीओ सौरभ सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।




कलेक्टर ने समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग की 4 शिकायतें नाट अटेंड पाई गई है। साथ ही अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की 4 नई शिकायतों में एक भी बंद नहीं की गई। इसी प्रकार आयुष विभाग 1, ऊर्जा विभाग की 36 एवं पीडब्ल्यूडी की 3 नई शिकायतें है तथा एल-1 पर 6 शिकायतें है। राजस्व विभाग की 20 नई शिकायते मिलाकर कुल 1329 हो गई है। पीएचई की एल-1 पर 820, सहकारिता की 4 लोक शिक्षण की 45 नगर पालिका की एल-1 पर 219 शिकायतें है। जनसुनवाई के दौरान मिले शिकायतों के आवेदन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिले के तीनों ब्लाक मैहर, अमरपाटन और रामनगर के जनपद सीईओ और सीएमओ को निर्देशित करते हुए कहा कि समग्र आईडी में किसी जीवित व्यक्ति को मृत बताए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए वेतन वृद्धि पर रोक लगाने की कार्यवाही की जाये। एनएचएआई के विभागीय अधिकारी को कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि नेशनल हाइवे पर पेट्रोलिंग टीम के द्वारा लगातार पेट्रोलिंग न किए जाने की वजह से सड़क हादसे बढ़ रहे है। उन्होंने दिन रात हाइवे पर पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। नगर की सफाई व्यवस्था में कलेक्टर ने सीएमओ, नगर पालिका को नगर की सफाई व्यवस्था को सुधारने के निर्देश दिए। लोक शिक्षा विभाग को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा अतिथि शिक्षको की भर्ती के संबंध में शिकायते प्राप्त होना शुरू हो गई है। शिक्षको की भर्ती करने के दौरान नियमों और निर्देशों का ध्यान रखे।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कलेक्टर ने सभी विभागो को पेड़ लगाने के लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए और कहा कि जिन विभागो द्वारा पौधा रोपण नही हुआ, या लक्ष्य से लक्ष्य के कम किया गया है वे सभी अपने लक्ष्य को पूरा करे। जिन विभागो के पास पौधारोपण करने के लिए जगह नहीं है। वे शिक्षा विभाग से कॉर्डिनेट कर शासकीय विद्यालय, भवन में पौधारोपण कर सकते है। जिन विभागों ने पौधारोपण किया है उन्हें पौध रोपण की सूची में जगह, संख्या और किस प्रजाति का पौधारोपण किया है बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# सभी जिले में हर घर तिरंगा अभियान को जन अभियान बनाए :सीएम

## सभी गाँव और वार्ड में 11 से 15 अगस्त तक संचालित होगी गतिविधियां

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** प्रदेश भर में 11 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जा रहा है। तिरंगा अभियान के सफल आयोजन एवं व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के हर सम्भव प्रयास किए जाए। तिरंगा यात्राएं, रैली निकाली जाए। शहीद स्मारकों पर ध्वजारोहण कर तिरंगा ध्वज यात्राएं आयोजित की जाए। हर घर तिरंगा अभियान को सभी जिले जनअभियान के रूप में सफल बनाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को समत्व भवन भोपाल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलो के जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर, एस.पी. व अन्य अधिकारियों से चर्चा करते हुए दिए। प्रदेश के तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री टेटवाल गौतम भी सतना प्रवास के दौरान कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष से वर्चुअल जुडे। इस मौके पर महापौर योगेश ताम्रकार, नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल, कलेक्टर अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह तथा जनपद पंचायत के सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी जिलों को निर्देश दिए कि वे हर घर तिरंगा अभियान के तहत आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त संख्या में तिरंगा ध्वज की उपलब्धता सुनिश्चित करें। हर घर तिरंगा अभियान के तहत लोगो को प्रेरित कर हर एक घर पर तिरंगा ध्वज फहराएं। इस अभियान में विद्यार्थियों का भी सहयोग लिया जाए एवं स्थानीय निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की सहभागीता भी सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान और 15 अगस्त को जन उत्सव के रूप में मनाया जाए। यह सुनिश्चित करें कि किसी भी वार्ड या ग्राम में तिरंगे झंडो की कमी ना हो ,शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए स्व सहायता समूहों के माध्यम से व्यवस्था की जाए। प्रदेश में रक्षाबंधन और जन्माष्टमी का पर्व सामाजिक समरसता के भाव के साथ उत्साह और उल्लास से मनाया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में जारी वर्षा को देखते हुए सावधानियां बरतने और आवश्यक निगरानी व मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मंत्री गण, नगरीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों तथा संभाग व जिला स्तरीय अधिकारियों ने वर्चुअल सहभागिता की।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा समत्व भवन से हर घर तिरंगा अभियान और रक्षाबंधन पर ली गई राज्य स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बताया गया कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्राएं, तिरंगा रैली, तिरंगा मैराथन, तिरंगा संगीत कार्यक्रम, तिरंगा कैनवास, तिरंगा सेल्फी और तिरंगा मेले जैसी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। सभी जिलों में देशभक्ति की भावना पर केंद्रित तिरंगा यात्राएं, दौड, मैराथन, बाइक- साइकिल, कार रैली भी जन भागीदारी से आयोजित होंगी। हर घर पर तिरंगा लगाने तिरंगे के साथ डीपी लगाने के साथ ही वेबसाइटों पर तिरंगा बैनर लगाने की गतिविधियों को जन अभियान बनाया जाएगा।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 10 अगस्त को विजयपुर जिला श्योपुर से लाडली बहनों के खातों में 1900 करोड रुपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। विजयपुर में होने वाले स्व सहायता समूहों के सम्मेलन और रक्षाबंधन कार्यक्रम में लाडली बहन योजना अंतर्गत अगस्त माह की राशि रुपए 1250 के साथ ही विशेष राशि के रूप में लाडली बहनों के खातों में 250 रुपए अंतरित किए जाएंगे।

## कमिश्नर ने तहसील परिसर में रोपा पौधा

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** रीवा संभाग के सभी जिलों में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने तहसील कार्यालय अमरपाटन का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के बाद कमिश्नर ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत तहसील परिसर में पौधा रोपित किया। कमिश्नर ने कहा कि रोपित पौधे की सुरक्षा तथा उचित देखभाल करें। हर व्यक्ति यदि एक पौधा रोपित कर उसे बड़ा कर दे तो वृक्षारोपण का अभियान सफल हो जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड, एसडीएम भारती यादव, एसडीएम रामनगर आरती सिंह तथा तहसीलदार रामदेव साकेत एवं आमजन उपस्थित रहे।

# राजस्व प्रकरणों में संबद्ध दस्तावेज ठीक से लगाएं : कमिश्नर

## राजस्व प्रकरणों का तय समय सीमा में निराकरण करें : कमिश्नर

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** रीवा संभाग के सभी जिलों में 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कमिश्नर बीएस जामोद ने मैहर जिले के अमरपाटन में एसडीएम न्यायालय तथा तहसील न्यायालय का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने विभिन्न राजस्व प्रकरणों से संबंधित नस्तियों, आवेदनों, प्रकरण के संबंध में पारित आदेश तथा पंजियों का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों में संबद्ध दस्तावेज भलीभांति संधारित करें। प्रकरण में दिनांक का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।



किसी भी प्रकरण में अनावश्यक पेशी न बढ़ाएं। कानूनी प्रावधानों के तहत राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें। सभी अधिकारी नियमित रूप से प्रकरणों की सुनवाई करके राजस्व महाअभियान के उद्यदेश्यों के अनुरूप प्रकरण निराकृत करें। राजस्व प्रकरणों को तय समय सीमा में निराकृत करें।

कमिश्नर ने कहा कि जमीन के अविवादित नामांतरण में आदेश पारित होने के साथ ही उसका अमल कराते हुए नक्शा तरमीम कराएं। समय में अमल दरामद न होने से अनावश्यक देरी होती है।

नक्शा तरमीम तथा अभिलेखों के सुधार के प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। जिन प्रकरणों में बटांक कम हैं उनके प्रकरण पहले निराकृत करें। लंबित राजस्व प्रकरणों में पटवारियों की ड्यूटी लगाकर सात दिन की समय सीमा में प्रतिवेदन प्राप्त करें। नामांतरण का प्रकरण दर्ज होते ही उसमें शुल्क जमा कराएं। प्रकरण जब तक अंतिम रूप से निराकृत होकर नक्शा तरमीम न हो जाए तब तक उसे रिकार्ड रूम में न भेजें। अभियान 31 अगस्त तक जारी रहेगा। एक बार पुनः सभी ग्रामों में बी-1 का वाचन कराकर फौती नामांतरण के प्रकरण दर्ज कराएं। तहसीलदार, एसडीएम तथा आरआई बी-1 के वाचन के समय उपस्थित रहें।

कमिश्नर ने कहा कि किसान सम्मान निधि की लंबित ई केवाईसी के सभी प्रकरण 31 अगस्त तक निराकृत करें। इसके लिए पटवारियों के साथ ग्राम रोजगार सहायकों की ड्यूटी लगाएं। नक्शा तरमीम के प्रकरणों के निराकरण के लिए भी प्रत्येक पटवारी को साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित करें। अभियान के दौरान अच्छा कार्य करने वाले राजस्व अधिकारियों तथा पटवारियों को पुरस्कृत करें। साथ ही लापरवाहों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही भी करें। निरीक्षण के समय उपस्थित कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने राजस्व महाअभियान की प्रगति की जानकारी दी।

कलेक्टर ने बाणसागर परियोजना के भू अर्जन प्रकरणों, बाढ़ तथा अतिवृष्टि से निपटने के लिए किए गए उपायों एवं कृषि आदान की जानकारी दी। निरीक्षण के समय उपायुक्त डीएस सिंह, एसडीएम अमरपाटन आारती यादव, एसडीएम रामनगर डॉ. आरती सिंह, तहसीलदार रामदेव साकेत तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिले की चिन्हित शासकीय शालाओं में अध्ययनरत 10 वर्ष एवं 16 वर्ष के विद्यार्थियों को लगेगा डीपीटी/ टीडी का टीका

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में डीपीटी/टीडी का टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में प्रथम चरण माह अगस्त में 8, 22 एवं 29 एवं अगस्त को चिन्हित शासकीय शालाओं में अध्ययनरत 10 वर्ष एवं 16 वर्ष तक के छात्र-छात्राओं को टीका लगाया जायेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने बताया कि बच्चों में होने वाली बीमारी डिप्थीरिया (गलघोटू) परट्यूसि (काली खांसी) टिटनेस घातक एवं जानलेवा बीमारियों से बचाया जा सके। जिसके लिये स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग संयुक्त रूप से अभियान का क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिक्षा विभाग से समन्वय से समस्त शासकीय शालाओं में टीकाकरण हेतु कार्य योजना तैयार की गई है, जिसके अंतर्गत 8 अगस्त, 22 अगस्त एवं 29 अगस्त 2024 को स्वास्थ्य विभाग के टीकाकरण दल द्वारा कार्य योजना अनुसार निर्धारित शासकीय शालाओं में टीकाकरण किया जायेगा। यह अभियान यूविन पोर्टल पर आधारित होगा। इसके लिए छात्र-छात्राओं को आधार कार्ड एवं अभिभावकों का मोबाइल नम्बर अनिवार्य होगा। मोबाइल नम्बर से छात्र-छात्राओं का पूर्व पंजीयन यूविन पोर्टल पर किया जायेगा। टीका लगने के पश्चात विद्यार्थियों को टीकाकरण सर्टिफिक्रेट जनरेट हो जायेगा, जिसका मैसेज रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर पहुंच जायेगा। जिन बच्चों का आधारकार्ड नहीं है, उनको भी यह टीका लगाया जायेगा। लेकिन उनका रजिस्ट्रेशन यूविन पोर्टल पर नहीं हो सकेगा और ऑनलाइन सर्टिफिक्रेट भी जनरेट नहीं हो पायेगी। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने समस्त अभिभावकों से अपील की है कि अपने बच्चे को विद्यालय अवश्य भेजें साथ ही बच्चे विद्यालय कुछ खाकर अवश्य जाये, भूखे पेट न जाने दें, इस बात का भी ध्यान रखा जाये।

## मुख्यमंत्री का राज्य मंत्री ने जताया आभार

### भोपाल-रीवा-भोपाल ट्रेन का नाम "विंध्य एक्सप्रेस" करवाने का किया अनुरोध

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंटकर रीवा वासियों को भोपाल-रीवा-भोपाल ट्रेन की सौगात के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया।

उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से केंद्रीय रेल मंत्रालय से भोपाल-रीवा-भोपाल ट्रेन को सप्ताह में 2 दिन के स्थान पर प्रतिदिन चलवाने और ट्रेन का नामकरण विंध्य एक्सप्रेस करवाने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पत्र सौंप कर राज्यमंत्री बागरी ने कहा कि विंध्य क्षेत्र में यात्रियों की अत्यधिक संख्या को देखते हुए भोपाल-रीवा-भोपाल ट्रेन का साप्ताहिक के स्थान पर प्रतिदिन संचालन किया जाना ठीक रहेगा। साथ ही जन भावनाओं का सम्मान करते हुए ट्रेन का नाम विंध्य एक्सप्रेस केंद्रीय रेल मंत्रालय से करवाने का अनुरोध किया।

## जिले में अब तक 444 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 7 अगस्त 2024 तक 444 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 760.9 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 308.8 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 471.4 मि.मी, बिरसिंहपुर में 383 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 328 मि.मी., नागौद में 525.4 मि.मी., जसो (नागौद) में 222.7 मि.मी. एवं उचेहरा में 552 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 399.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत वीसी के माध्यम से किया गया संवाद

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री निवास कार्यालय समत्व से रक्षाबंधन एवं हर घर तिरंगा अभियान के आयोजन के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली गई। मैहर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर रानी बाटड, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक मुकेश वैश्य, अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एसडीएम मैहर विकास सिंह, जनपद सीईओ प्रतिपाल बागरी, महिला बाल विकास अधिकारी राजेंद्र बांगरे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला-पंचायत सदस्य के टेंट हाउस में सजी थी जुआ फड़

## पुलिस ने छापेमारी कर पकड़े 10 जुआरी, 3 बाइक, 11 नग मोबाइल हुए जब्त



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** रैगांव विधानसभा क्षेत्र के एक जिला पंचायत सदस्य के परिसर में चल रही जुआ फड़ में दबिश देकर पुलिस ने 10 जुआरी पकड़े हैं। जुआरियों के कब्जे से तीन बाइक, 11 नग मोबाइल और 38 हजार रुपए से अधिक की रकम जब्त की गई है।

जानकारी के मुताबिक, सिंहपुर थाना क्षेत्र की रैगांव पुलिस चौकी अंतर्गत रैगांव कस्बे में पुलिस ने सुभाष बुनकर के टेंट हाउस के गोदाम में दबिश देकर जुआ फड़ पकड़ी है। सुभाष बुनकर सतना जिला पंचायत का सदस्य है और भाजपा समर्थित है। टेंट हाउस का गोदाम सुभाष बुनकर का ही है। यहां 10 लोग बैठ कर जुआ खेल रहे थे।

पुलिस ने घेराबंदी की और सभी को धर दबोचा। पकड़े गए जुआरियों में शैलेंद्र बागरी पिता देवेन्द्र बागरी (30) निवासी खम्हरिया थाना नागौद, दिप्पू अहिरवार पिता नंदीलाल अहिरवार (24)निवासी अमौधा, थाना सिविललाइन सतना, नीरज द्विवेदी पिता नारायण दास द्विवेदी (40) निवासी पतेरी, थाना सिविल लाइन सतना, धर्मेन्द्र अहिरवार पिता शिव प्रसाद अहिरवार (24) निवासी उजरौंधा, थाना कोठी, रजनीश चौधरी पिता राजेश प्रसाद चौधरी (27) निवासी ग्राम रैगांव, थाना सिंहपुर, भोला सिंह पिता स्व. शिवराज सिंह (48) निवासी ग्राम रैगांव, थाना सिंहपुर, संजू शर्मा पिता लक्ष्मी प्रसाद शर्मा (35) निवासी पतेरी, थाना सिविल लाइन सतना, रोहित बागरी पिता चंद्रभान बागरी (25) निवासी ग्राम मसनहा, थाना सिंहपुर, चंद्रशेखर कोरी पिता रामप्रसाद कोरी (39) निवासी ग्राम रैगांव, थाना सिंहपुर एवं लवकुश सेन पिता महेश सेन (34)निवासी पतेरी, थाना सिविल लाइन सतना शामिल हैं।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।